CMYK


प्रधानमंत्री 15 नवंबर को सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का निरीक्षण करेंगे


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



राहुल गांधी ने जहां पोखर में कूद पकड़ी थी मछली, उस सीट पर 31 हजार वोट से हारी उम्मीदवार

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 315 | रायपुर | शनिवार 15 नवंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25

### बिहार में फिर एनडीए सरकार मिला 200 प्लस का प्रचंड बहुमत, महागठबंधन 40 सीटे भी नहीं ला सकी

# NDA की सुनामी में महागठबंधन साफ

नईदिल्ली,एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनावों की मतगणना में रात 10 बजे तक 243 में से कुल 234 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं. एनडीए 203 सीटों पर स्पष्ट बढ़त बना चुका है। 92 सीटों पर बढ़त के साथ, भाजपा रिकॉर्ड जीत की ओर बढ़ रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू 83 सीटों पर आगे चल रही है। चिराग पासवान की एलजेपी-आरवी को 19 सीटों की बढ़त हासिल है। महागठबंधन की बढ़त मामूली है और अब उसे 40 सीटों पर भी बढ़त बनाने में मुश्किल हो रही है। राजद 26 सीटों पर आगे है, जबकि कांग्रेस 5 सीटों पर आगे है समाचार लिखे जाने तक ।

### बिहार की जनता आभार- उपेंद्र कुशवाहा

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने ह्ष्ठ की जीत पर कहा कि हम इस प्रचंड जीत के लिए बिहार की जनता, विशेषकर महिलाओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं। यह डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व पर जनता का आशीर्वाद है।

### जीत पर बोले नीतीश कुमार, मोदी जी को नमन

नीतीश कुमार ने सबसे पहले जनता का आभार जताते हुए कहा, 'बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, ह्दय से आभार एवं धन्यवाद।'




### बिहार में डबल इंजन सरकार को मिली मजबूती का परिणाम यह जीत : चिराग पासवान

एनडीए की शानदार जीत के बाद चिराग पासवान ने अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने इस जीत को बिहार में डबल इंजन सरकार को मिली मजबूती का परिणाम बताया. पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव का यह गठजोड़ अगले पांच साल तक बिहार को विकास के पथ पर आगे ले जाएगा.

### बिहार के बाद अब बंगाल की बारी है : गिरिराज

बेगुसराय से भाजपा सांसद और केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने मीडिया से कहा, पहले दिन से मैं कह रहा हूं कि एनडीए की सरकार बनेगी। रूझान भी दिख रहा है और रिजल्ट भी आ गया है। ये भी मैं कह रहा हूं कि बिहार की जीत हमारी है, अब बंगाल की बारी है।



### कट्टा सरकार बिहार में कभी वापस नहीं आएगी- पीएम नरेंद्र मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- जब मैं बिहार चुनाव में जंगलराज और कट्टा सरकार की बात करता था, तो राजद पार्टी ने कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन इससे कांग्रेस के लोगों को ठेस पहुँची। आज, मैं फि र से दोहराना चाहता हूँ कि कट्टा सरकार बिहार में कभी वापस नहीं आएगी बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए वोट दिया है।



### 'बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने बिहार में एनडीए की जीत को सुशासन और विकास की जीत बताया है। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए को बंपर जीत दिलाकर बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया है। हर तरफ समर्थकों का सैलाब, 'मोदी–मोदी' के गगनभेदी नारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने खास गमछे को लहराना, चुनावी राज्य बिहार के मुजफ्फरपुर में उनकी यात्रा की यादगार यादें बन गईं।

## बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बनाया : मोदी

### बंगाल से भी जंगल राज को उखाड़ेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है। मैं बंगाल के भाइयों-बहनों को भी आश्वस्त करता हूं कि अब आपके साथ मिलकर भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज को उखाड़ फेंकेगी।

### जमानत पर चल रहे लोगों का जनता साथ नहीं देगी, परिणाम के बाद गरजे पीएम


पीएम मोदी ने अपना संबोधन जय छठी मईया के साथ किया. हम तो जनता जनार्दन के सेवक हैं. हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं. हम तो जनता जनार्दन का दिल चुरा कर बैठे हैं. इसलिए पूरा ये बिहार ने आज बता दिया है कि फिर एक बार एनडीए सरकार. बिहार के लोगों ने बता दिया है कि वो जमानत पर चल रहे लोगों का साथ नहीं देगी.

### 2024 में हमें जो नुकसान हुआ था, उसका बदला जनता विधानसभा चुनाव में ले रही : जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि 2024 में हमें जो नुकसान हुआ था, उसका बदला जनता विधानसभा चुनाव में ले रही है.

## दिल्ली ब्लास्ट : आतंकी आजाद ने डेढ़ माह तक बंगाल में डाला था डेरा

कोलकाता एजेंसी



दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट के तार पश्चिम बंगाल से भी जुड़ गए हैं। गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) के हत्थे चढ़ा आतंकी आज़ाद अहमद शेख के बंगाल प्रवास को लेकर जांच एजेंसियों को मिले ताज़ा इनपुट ने दिल्ली ब्लास्ट कांड में राज्य की संभावित भूमिका को और गहरा कर दिया है। पश्चिम बंगाल के एक अधिकारी के अनुसार, आज़ाद अहमद शेख ने बीते जून-जुलाई में लगभग डेढ़ माह बंगाल में बिताया था। शक है कि रेंड़ी के बीज से निकाले जाने वाले घातक 'रिसिन' की साजिश का अहम हिस्सा रहते हुए उसने कोलकाता को आधार बनाकर मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर बंगाल के नज़दीकी सीमांत इलाकों में लगातार आवाजाही की थी। तफ्तीश में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क का सिरा सीधे इस्लामिक स्टेट ख़ोरासान प्रांत से जुड़ा है। ग़ैरक़ानूनी गतिविधियों में संलिप्त गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़े चिकित्सक सैयद अहमद मह्यूददीन का हैंडलर था आईएसकेपी का शीर्ष कमांडर अबू खादिजा।

## 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के रिजल्ट : जम्मू-कश्मीर की नागरोटा से भाजपा जीती

### नागरोटा से जीती भाजपा विधायक बोली- पिता के आशिर्वाद से जीती

एजेंसी

छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल आठ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे लगभग स्पष्ट हो गए हैं. समाचार लिखे जाने तक चुनाव आयोग के मुताबिक, इनमें से दो सीटों पर कांग्रेस, एक पर बीजेपी, एक पर पीडीपी, एक पर मिजो नेशनल फ्रंट और एक पर आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की है. वहीं, बाकी दो में से एक-एक सीट पर बीजेपी और जेएमएम की जीत तय है।

जम्मू की नागरोटा से नई चुनी गई BJP विधायक देवयानी राणा ने कहा, ÷मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि जिस तरह नागरोटा ने राणा साहिब (मेरे पिता, स्व. देवेंद्र सिंह राणा) को आशीर्वाद दिया था, आज उन्होंने परिवार की तरह मेरा भी आशीर्वाद दिया। मैं उनका हमेशा आभारी रहूंगी। जब BJP चुनाव लड़ती है, तो जीत के लिए ही लड़ती है। इसका उदाहरण आप नागरोटा और बिहार के नतीजों में देख सकते हैं।÷ केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की दो सीटों पर उपचुनाव हुए थे. इनमें से बडगाम सीट पर पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मुंतजिर मेहदी ने करीब 4,500 वोटों से जीत हासिल की. वहीं, नगरोटा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार देवयानी राणा ने जीत हासिल की है. वे पूर्व बीजेपी विधायक देवेंद्र सिंह राणा की बेटी हैं, जिनके निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी.



मिजोरम की दम्पा विधानसभा सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट के डॉ आर ललथांगलियाना ने जीत हासिल की है. पंजाब की तरन तारन सीट पर आम आदमी पार्टी की हरमीत सिंह संधू ने जीत दर्ज की है. राजस्थान की अंता सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार नवीन यादव ने जीत दर्ज की है. झारखंड की घटशिला सीट पर सभी 20 राउंड की काउंटिंग पूरी हो चुकी है और झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन करीब 38,600 वोटों से आगे हैं. वहीं, ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर भी सभी 29 राउंड की काउंटिंग पूरी हो चुकी है और बीजेपी उम्मीदवार जय ढोलकिया करीब 83,700 वोटों से आगे हैं. हालांकि, चुनाव आयोग ने अभी इन उम्मीदवारों की जीत आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की है समाचार लिखे जाने तक।

### लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप ने हार के बाद ने तेजस्वी को कहा : फेलस्वी, अमित शाह को बताया चाणक्य

एजेंसी

लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने NDA और अमित शाह को जीत का क्रेडिट दिया है. इस विजय का सबसे बड़ा कारण NDA की अटूट एकता है. NDA गठबंधन की सभी पांचों पार्टियों 'पांच पांडवों' ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा. जनता ने अपना विश्वास, मत और भरपूर समर्थन देकर इस एकता को विजय की शक्ति में बदल दिया. यह जीत बिहार की जनता की है, यह जीत विश्वास की है, यह जीत विकास और सुसाशन के संकल्प की है. बिहार की यह ऐतिहासिक जीत भारत के गृहमंत्री और बीजेपी के चाणक्य अमित शाह जी, और भारत सरकार में मंत्री और बीजेपी बिहार के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की कूटनीति, दूरदृष्टि और दिन-रात किए गए परिश्रम का परिणाम है।

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा : जनता के अटूट विश्वास पर लगी है मुहर बीजेपी ने तोड़ दिया एंटी इंकम्बेंसी का मिथक' : साय

एजेंसी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने वाले बिहार का जनादेश, लोकतंत्र और सुशासन की जीत है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बार अन्य तमाम चुनावों से अधिक बड़ी जीत देकर चुना है। ऐसा देखा जाता है कि कई बार सत्ता में रहने में बाद सत्ताधारी दल को 'एंटी इंकम्बेंसी' झेलना पड़ता है। लेकिन भाजपा शासित राज्यों ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है।





बिहार में एनडीए की जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा-एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और जनता- जनार्दन का अभिनंदन है। यह ऐतिहासिक विजय पीएम मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। सीएम ने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है, जिस पर नया बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

**विदेश** | ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' दांव पड़ा उलटा!

## महंगाई से बेहाल अमेरिका, व्हाइट हाउस अब यू-टर्न की तैयारी में

वाशिंगटन एजेंसी

अमेरिका में महंगाई की मार इतनी भीषण पड़ रही है कि इसकी गर्मी सीधे व्हाइट हाउस तक महसूस की जा रही है। 'अमेरिका फर्स्ट' के नाम पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ (आयात शुल्क) का दांव अब उन्हीं पर उलटा पड़ता दिख रहा है।

विदेशी सामान को महंगा कर अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिश में ट्रंप प्रशासन ने घरेलू बाजार में ऐसी आग लगा दी कि रोजमर्रा की जरूरी चीजें आम जनता की पहुंच से दूर होने लगी हैं। नतीजा यह है कि अब व्हाइट हाउस खुद इन टैरिफ को हटाने की तैयारी में जुट गया है।



'अमेरिका फर्स्ट' नीति का उलटा असर - ट्रंप ने सत्ता संभालने के बाद उन देशों पर भारी टैरिफ लगा दिए थे, जिनसे अमेरिका बड़े पैमाने पर आयात करता रहा है। भारत, अर्जेंटीना, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला और एल सल्वाडोर जैसे कई देशों से आने वाले खाने-पीने के सामान अचानक महंगे हो गए।

ट्रंप का उद्देश्य विदेशी कंपनियों को झटका देना और अमेरिकी राजस्व बढ़ाना था, लेकिन यह फैसला हैरान करने वाले तरीके से उलटा पड़ गया। टैरिफ से बढ़ी कीमतों का सीधा असर अमेरिकी किचन पर दिखने लगा। कॉफी, केले, बीफ और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। इससे आम लोगों का बजट बिगड़ गया और बढ़ती महंगाई ने व्हाइट हाउस पर ही दबाव बढ़ा दिया।

### यू-टर्न की तैयारी में व्हाइट हाउस

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन अब इन टैरिफ को वापस लेने की गंभीर तैयारी कर रहा है। बताया जा रहा है कि अमेरिका कुछ ही हफ्तों में अर्जेंटीना, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला और एल सल्वाडोर से आने वाले खाद्य पदार्थों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को हटाने पर अंतिम फैसला ले सकता है।

एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के तहत कॉफी, केला, बीफ और अन्य आयातित खाने-पीने की चीजों को सस्ता करने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि यह कदम अमेरिकी कंपनियों के लिए भी उन देशों के बाजारों में पहुंच आसान बनाएगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिया है कि आने वाले कुछ दिनों में बड़े निर्णय लिए जाएंगे, जिससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट शुरू हो सकती है।

**2000 डॉलर 'टैरिफ डिविडेंड' का वादा** - इस पूरे माहौल के बीच, ट्रंप का हालिया ऐलान भी सुर्खियों में है। उन्होंने हर अमेरिकी को कम से कम 2000 डॉलर का टैरिफ डिविडेंड देने का वादा किया है।

## 'आज कांग्रेस मुस्लिम लीगी कांग्रेस बन गई है' : जीत के बाद प्रधानमंत्री का वार

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार चुनाव की जीत पर भाषण देते हुए कांग्रेस पर भी हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार अब सिर्फ नकारात्मक राजनीति हो गया है। कभी 'चौकीदार चोर' का नारा, संसद का समय बर्बाद करना, ईवीएम पर हमला करना, कभी चुनाव आयोग को गाली, जाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांटना, यही कांग्रेस का काम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास देश के लिए कोई सकारात्मक विजन नहीं है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि मुझे आशंका है कि हो सकता है आगे कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो।

### कांग्रेस में बन रहा गुट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि आज कांग्रेस मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस बन गई है...कांग्रेस का पूरा एजेंडा इसी के इर्द-गिर्द घूमता है। इसलिए कांग्रेस के भीतर एक अलग गुट उभर रहा है जो नकारात्मक राजनीति से असहज है। ये कांग्रेस के नामदार कांग्रेस को जिस रास्ते पर ले जा रहे हैं, उससे गहरी निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है। मुझे आशंका है कि हो सकता है आगे कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सहयोगी भी समझ रहे हैं कि कांग्रेस सभी को निगेटिव दिशा में लेकर जा रही है। यह पार्टी सहयोगियों के वोट बैंक को निगलकर खुद को आगे बढ़ा रही है।

### खत्म हो रहा जनता का भरोसा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दशकों तक देश पर राज करने वाली पार्टी पर जनता का भरोसा लगातार कम होता जा रहा है। कांग्रेस देश के कई राज्यों में वर्षों से सत्ता से बाहर है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस तीन अंकों तक नहीं पहुच पाई। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद देश के छह राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए और इनमें भी कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। आज भी हमारे चुने गए विधायकों की संख्या कांग्रेस द्वारा पिछले छह विधानसभा चुनावों में जीते गए विधायकों से अधिक है।**

### अमित शाह बोले- राहुल गांधी के नेतृत्व में आखिरी पायदान पर पहुंची कांग्रेस



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। उन्होंने कहा कि जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता अब सिर्फऔर सिर्फ प्रदर्शन की राजनीति के आधार पर जनादेश देती है। अमित शाह ने बिहार चुनाव नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और एनडीए के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपने अथक परिश्रम से इस परिणाम को चरितार्थ करने वाले बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के बिहार भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन करता हूं। भाजपा नेता शाह ने कहा, ''मैं बिहार की जनता और विशेषकर हमारी माताओं-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि जिस आशा और विश्वास के साथ आपने NDA को यह जनादेश दिया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार उससे अधिक समर्पण से उसे पूरा करेगी।'' उन्होंने कहा, ''बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफमोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है.''

### एस जयशंकर ने यूएन के महासचिव गुटेरेस से की मुलाकात, भारत के विकास में समर्थन के लिए जताया आभार

नई दिल्ली एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इससे पहले जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए एस जयशंकर कनाडा पहुंचे। कनाडा में उन्होंने अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर अच्छा लगा। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षवाद पर इसके प्रभावों के उनके आकलन की सराहना की। विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण की भी सराहना की।



उन्होंने आगे कहा कि भारत के विकास और प्रगति के लिए स्पष्ट और निरंतर समर्थन के लिए उनका धन्यवाद। भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें, भारत लंबे समय से यूएन में बदलाव की मांग कर रहा है। वहीं यूएन में स्थायी सदस्यता दिलाने के लिए कई देश भारत का समर्थन कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र9 की 80वीं वर्षगांठ पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि ऑल इज नॉट वेल इन यूएन।

CMYK

# हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: लक्ष्मी राजवाड़े का शिविर समाधान में संबोधन

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि शासन और प्रशासन अब लोगों के घर तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज सूरजपुर जिले के ओड़गी जनपद अंतर्गत बिहारपुर के शासकीय महाविद्यालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रही थीं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सफल होंगी जब आम नागरिकों को उनका सीधा लाभ मिलेगा।

971 आवेदन प्राप्त, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मिला जनसमर्थन



कार्यक्रम में सूरजपुर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 971 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण किया गया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और जनदर्शन पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक आवेदन की स्थिति को अपडेट किया जाए।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और किसी भी समस्या या योजना से वंचित रहने की स्थिति में अपनी शिकायत पंजीकृत अवश्य करें।

शिविर के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, वाकिंग स्टिक, एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों के वजन मापने की मशीनें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य सिर्फ योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उनका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना है।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारीगण, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में देश के ईस्ट जोन के बेस्ट डिस्ट्रिक्ट के रूप में सम्मानित होने जा रहा



### जल संरक्षण एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में बना आदर्श मॉडल

**रायपुर ।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 के विजेताओं की घोषणा की गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिले को देश के ईस्ट जोन में बेस्ट डिस्ट्रिक्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। यह सम्मान जिले में जल संरक्षण, संवर्धन तथा जनभागीदारी आधारित सतत कार्यों के लिए 18 नवम्बर 2025 को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार में देशभर के विभिन्न जिलों के नामांकन के बाद सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर बोर्ड, सेन्ट्रल वॉटर कमिशन एवं विभिन्न दलों के निरीक्षण व विस्तृत अवलोकन के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश के ईस्ट जोन के पांच राज्यों के समस्त जिलों में से बेस्ट डिस्ट्रिक्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में यह खिताब राजनांदगांव जिले को प्रदान किया जा रहा है। विगत वर्ष केंद्रीय भू-जल मंत्री द्वारा राजनांदगांव जिले का दौरा कर जिले में चल रहे इस अभियान के प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए देश विभिन्न मंचों में राजनांदगांव जिले की प्रशंसा भी की गई थी। जनभागीदारी आधारित यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में सफल पहल राजनांदगांव जिले में जल संरक्षण एवं प्रबंधन के कार्यों को शासन-प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, महिला स्वसहायता समूहों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मिशन के रूप में सघन अभियान चलाया गया। गांवों से लेकर शहरों तक नागरिकों ने जल ही जीवन है और जल है तो कल है के संदेश को आत्मसात करते हुए मिशन जल रक्षा को एक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। किसानों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन, वर्षा जल संचयन एवं भू-जल पुनर्भरण के कार्यों से जिले में जल स्तर में सुधार हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। केंद्रीय भू-जल बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में जिले के तीन ब्लॉकों को सेमी-क्रिटिकल जोन के रूप में चिन्हित किया गया था। सेमीक्रिटिकल जोन का अर्थ पानी के विषय में 70 प्रतिशत से अधिक पानी का उपयोग करने वाले क्षेत्र इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मिशन जल रक्षा के व्यापक प्रयासों के साथ जिले ने यह अभियान प्रारंभ किया था, अब यह पूरे देश में मॉडल के रूप में जाना जाने लगा है। इस योजना में जिले की प्राथमिकता है कि पहले तो हम पानी के तेजी से घटते जल स्तर की गति को धीमा कर सके फिर उसे एक स्तर पर स्थिर कर सके तत्पश्चात् अत्यधिक जल दोहन को रोककर इस प्राकृतिक बहुमूल्य धरोहर को संधारित कर सके। इसके लिए अनिवार्य है कि प्रत्येक नागरिक आज से ही अपने आसपास के क्षेत्र में होने वाले जल दोहन को ध्यान में रख कर कम से कम भू-जल का उपयोग करें एवं कम से कम पानी उपयोग वाली फसलों को बढ़ावा दें। महिला समूहों ने नीर और नारी जल यात्रा जैसे अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरूकता के लिए कार्य किया गया।

## 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम के चतुर्थ कड़ी का हुआ प्रसारण नमो ड्रोन दीदी, कृषि सखी एवं पशु सखी की सफलता की कहानियाँ बनी प्रेरणा स्रोत

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत ÷दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के चतुर्थ कड़ी का प्रसारण गुरुवार को किया गया। जिसे राज्य की हजारों स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सुना। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन पर केंद्रित रहा। इस कड़ी में नमो ड्रोन दीदी, कृषि सखी एवं पशु सखी योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत महिलाओं की प्रेरक सफलता की कहानियों को साझा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देओश्य ग्रामीण अंचलों की स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना और राज्य में चल रही महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाना है। ग्रामीण अंचलों की महिलाओं के प्रेरणादायक संवाद को सुना पूरे राज्य में हजारों महिलाओं ने आज के कार्यक्रम में बताया गया कि कैसे छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएँ नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए कृषि कार्यों में क्रांति ला रही हैं, वहीं कृषि सखी



और पशु सखी के रूप में महिलाएँ किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण महिलाएँ न केवल नई जानकारियाँ प्राप्त कर रही हैं, बल्कि स्वयं के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में कदम भी बढ़ा रही हैं। ÷दीदी के गोठ÷ कार्यक्रम से प्रदेशभर की लाखों महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यम के क्षेत्र में बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम को न केवल प्रेरणादायक बल्कि जानकारीवर्धक भी बताया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत ÷दीदी के गोठ÷ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण नियमित रूप से हर माह के द्वितीय गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे से हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से किया जाता है तथा बस्तरिया आकाशवाणी जगदलपुर से एवं सरगुजिया आकाशवाणी अंबिकापुर से दोपहर 2:30 बजे से प्रसारण किया जाता है, ताकि राज्य की ग्रामीण महिलाओं तक सरकार की योजनाओं एवं सफलता की कहानियों की जानकारी पहुँच सके और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक सशक्त बनें।

## कथावाचक के बयान से विवाद, सतनामी समाज में उग्र विरोध, एफआईआर दर्ज



बिलासपुर । जिले में आयोजित भागवत कथा के दौरान कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज के बयान से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कथावाचक ने अपने प्रवचन के दौरान सतनामी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सतनामी समाज के लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया है।

वायरल वीडियो में कथावाचक आशुतोष चैतन्य यह कहते सुने जा सकते हैं कि कितना दुख होता है, देश का क्या होगाज पहले सनातनी थे, अब सतनामी हो गए। उन्हें यह भी नहीं पता कि सतनामी का मतलब क्या है। इस कथन के बाद समाज के लोगों ने इसे अपमानजनक बताया और कथावाचक के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के विरोध में सतनामी समाज के सैकड़ों लोग तखतपुर थाने के बाहर एकत्र हुए और जोरदार नारेबाजी की। भीड़ ने थाने का घेराव करते हुए कथावाचक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। बढ़ते विरोध को देखते हुए पुलिस ने आशुतोष चैतन्य महाराज के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। वर्तमान में पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं, जिले में इस घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और सोशल मीडिया पर अफवाहें न फैलाने की चेतावनी दी है।

# जल जीवन मिशन से बदल रही ग्रामीण जीवनशैली ,मंजगांव में हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

**रायपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना के अंतर्गत बेमेतरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पण्डरभट्ठा के आश्रित ग्राम मंजगांव में प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। यह ग्राम अब पूर्णतः 'हर घर जल' ग्राम बन चुका है। इस योजना के क्रियान्वयन से यहाँ के ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

ग्राम मंजगांव की लगभग 1000 जनसंख्या एवं 199 परिवारों को उच्च स्तरीय जलागार से जोड़े गए नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। योजना के अंतर्गत ग्राम में आधुनिक पाइपलाइन नेटवर्क एवं जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इससे अब ग्रामीणों को पानी के लिए हैंडपंप या सार्वजनिक जल स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

ग्राम की श्रीमती सरिता एवं श्रीमती पार्वती ने बताया कि पहले महिलाओं को गलियों में लगे सार्वजनिक हैंडपंपों से पानी लाने में काफी कठिनाई






होती थी। गर्मी और बरसात के दिनों में घंटों लाइन में लगना पड़ता था। अब घर-घर नल कनेक्शन लग जाने से न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि अन्य जरूरी कार्यों के लिए पर्याप्त समय मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने हमारे जीवन में बड़ा बदलाव लाया है और इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं शासन का आभार व्यक्त करते हैं। इस योजना से न केवल महिलाओं को राहत मिली है, बल्कि ग्राम की स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पहले पानी की कमी के कारण घरों में स्वच्छता बनाए रखना कठिन था, अब पर्याप्त जल उपलब्धता से ग्राम का वातावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ बन गया है। ग्राम के सरपंच एवं पंचायत सचिव ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों का संचालन जनसहभागिता के माध्यम से किया गया। योजना के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम में 'हर घर जल उत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी खुशी साझा की और योजना की सफलता का उत्सव मनाया।

## जनजातीय उद्यमिता और निवेश संवर्धन में छत्तीसगढ़ बना अग्रणी राज्य

### नई दिल्ली में ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव-2025 में छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स ने बढ़ाया राज्य का गौरव

**रायपुर ।** ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में किया गया, जिसमें देशभर से आए उद्यमियों,नीति-निर्माताओं एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स ने भी हिस्सा लेकर उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों को प्रदर्शित किया। ये स्टार्टअप्स न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रहे हैं, बल्कि जनजातीय परंपराओं और पारंपरिक ज्ञान को नई पहचान भी दे रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का किया निरीक्षण। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्टार्टअप्स के स्टॉलों का अवलोकन किया, उद्यमियों से संवाद किया तथा उनके उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय मंत्री गोयल ने छत्तीसगढ़ एग्रोफैब कंपनी के प्रतिनिधि करण चंद्राकर से विशेष चर्चा करते हुए उनके नवाचारों की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को जनजातीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाला उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में निवेश आयुक्त, छत्तीसगढ़ ऋतु सेन ने राज्य में उद्यमिता और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली विभिन्न पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत उद्यमों एवं स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, परामर्श तथा विपणन सहयोग जैसी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक उद्यमिता से जोड़कर जनजातीय समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसर सृजित करना। उन्होंने कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले उद्यमियों को उनके उत्पादों के विस्तार एवं बाज़ार पहुँच बढ़ाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। छत्तीसगढ़ के अनेक स्टार्टअप्स - सिद्धार्थ एग्रोमार्केटिंग प्रा. लि., अंकुरण सीड्स, कोशल, शांति आनंद वेलनेस, बस्तर से बाज़ार तक, कोईतूर फिश कंपनी, कोया बाज़ार, एग्रोफैब तथा हेमल फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. ।

# राष्ट्रीय सुरक्षा, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई

**रायपुर।** आगामी प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज उनके निवास/कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव श्री जितेन्द्र साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमति सरिता पांडेय, श्री विजय कुमार यादव, एल.टी. (रोवर) श्री अशोक देशमुख, एल.टी. (स्काउट) डॉ. पूनम सिंह साहू, ए.एल.टी. (रोवर) श्री अमित क्षेत्रीय सहित प्रदेश के वरिष्ठ स्काउटर, गाइडर एवं विभिन्न दायित्व प्राप्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जंबूरी से संबंधित सभी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं जैसे प्रतिभागियों के आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय जंबूरी छत्तीसगढ़ राज्य की गरिमा और संगठन की कार्यकुशलता को प्रदर्शित



करने का अवसर है, इसलिए प्रत्येक व्यवस्था को उत्कृष्टता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजन की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

बैठक में उपस्थित स्काउटर-गाइडर ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और जंबूरी को एक अनुशासित, प्रेरणादायी तथा आदर्श आयोजन बनाने हेतु सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी को संगठनात्मक अनुशासन, सशक्त आयोजना और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराना रहा।बैठक के दौरान जंबूरी से संबंधित सभी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं जैसे प्रतिभागियों के आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय जंबूरी छत्तीसगढ़ राज्य की गरिमा और संगठन की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करने का अवसर है, इसलिए प्रत्येक व्यवस्था को उत्कृष्टता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजन की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना पर किया जा रहा है कार्य

### मंडल के सारागाँव स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी का किया जायेगा कार्य, कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर ।** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुरङ्कझारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है । इस कड़ी में चांपा-खरसिया सेक्शन के सारागाँव स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

रद्द होने वाली गाडियांः-

दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2025 तक गाड़ी संख्या 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 13 से 16 नवम्बर 2025 तक गाड़ी संख्या 68736 बिलासपुरङ्करायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2025 तक गाड़ी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

### रास्ते में समाप्त/प्रारंभ होने वाली गाड़ी

1) दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2025 तक गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2025 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# सोलर पैनल लगवाने से बिजली बिल से मिला छुटकारा : श्री शिव कुमार कसेर

### सोलर पैनल लगवाने से बिजली बिल से मिला छुटकारा

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से आम नागरिकों को मिल रहा लाभ



**रायपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। यह योजना न केवल आम नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करा रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास की दिशा में भी बड़ा योगदान दे रही है।

सक्ती नगर निवासी श्री शिव कुमार कसेर ने सितम्बर 2025 में अपने मकान की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्थापित कर अपने जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम से प्रतिदिन लगभग 10 से 12 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उनके घर की संपूर्ण बिजली जरूरतें पूरी हो जाती हैं। पहले जहाँ उन्हें हर महीने 1500 रुपए से 2000 रुपए तक का बिजली बिल भरना पड़ता था, वहीं अब बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है।

सरकारी सब्सिडी से आमजन को बड़ी राहत

श्री कसेर ने बताया कि सौर पैनल लगाने में कुल एक लाख 95 हजार रुपए का खर्च आया, जिसमें से केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है तथा राज्य सरकार से 30 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी मिलने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी सहायता से आम आदमी भी अब अपने घर को सौर ऊर्जा से जोड़ सकता है और लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकता है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार ?30,000 तथा राज्य सरकार ?15,000 की सब्सिडी देती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट पर केंद्र से 60 हजार रुपए और राज्य से 30 हजार रूपए जबकि 3 किलोवाट प्लांट पर केंद्र से 78 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। इस प्रकार, उपभोक्ता अपने आवश्यकता अनुसार सोलर सिस्टम लगाकर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण में भी दे रहे योगदान

श्री कसेर ने बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने से न केवल बिजली बिल से राहत मिली है, बल्कि यह जानकर गर्व महसूस होता है कि वे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से प्रदूषण में कमी आती है, कार्बन उत्सर्जन घटता है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण तैयार होता है। श्री कसेर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने आम नागरिकों के जीवन में उजाला भरा है। यह योजना नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ राष्ट्र को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी इस योजना का लाभ उठाएँ और अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर हर महीने की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस योजना के तहत उपभोक्ता स्वयं अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादक (उर्जादाता) बन सकते हैं। पंजीयन के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पोर्टल ढ्ढह्लह्लश्चह्य://श्चद्वह्यह्वह्म4ड्डद्धड्डह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट, अथवा टोल फ्री नम्बर 1912 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से न केवल घर-घर रोशनी पहुँचेगी, बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन से आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।

# 33 हजार करोड़ का निवेश,अचीवर अवार्ड फिर रिकॉर्ड वाहनों की बिक्री छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में कीर्तिमान रच रहा है: सीए अमित चिमनानी

### निवेश के लिए छत्तीसगढ़ बना आकर्षण का केंद्रःसीए अमित चिमनानी

### विष्णुदेव साय के नेतृत्व में निवेश के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैः सीए अमित चिमनानी

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सीए अमित चिमनानी ने अहमदाबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में छत्तीसगढ़ को 33,321 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव और 15 हजार रोजगार मिलने को छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र के लिए स्वर्णिम उपलब्धि बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की सुविचारित और सुस्पष्ट उद्योग नीति ने छत्तीसगढ़ को निवेशकों के लिए सम्भावनाओं का एक व्यपक धरातल प्रदान किया है। चिमनानी ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खात्मे के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र में विकास की रफ्तार ने तेज गति पकड़ी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चिमनानी ने बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि अहमदाबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में निवेश के ये प्रस्ताव अनेक सेक्टर्स के लिए मिलना यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ अब चहुँमुखी विकास की दिशा में बढ़ने जा रहा है। थर्मल पावर, ग्रीन स्टील, फार्मा, मेडिकल फूड सप्लीमेंट, सोलर सेल और सेमिकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश होगा। इससे स्थानीय स्तर पर लगभग 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश की इच्छा जताने वालों में वाडीलाल ग्रुप भी है। एक ओर जहाँ छत्तीसगढ़ में निवेश के ये प्रस्ताव मिल रहे थे और दूसरी ओर डीपीआईआईटी की रैंकिंग में टॉप अचीवर का अवार्ड मिलना भी छत्तीसगढ़ की बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्री चिमनानी ने कहा कि छत्तीसगड़ में निवेश और अवार्ड कभी सपना था।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा, दीपक बैज ने ली बैठक, सीईओ को सौंपा ज्ञापन

### 72 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित, एसआईआर को लेकर भाजपा के जामवाल ने ली बैठक

रायपुर। एसआईआर को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गई है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने आज महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है, जिसमें एसआईआर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज धनेन्द्र साहू, पंकज शर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता मिले।

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि आज कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है, जिसमें एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। भाजपा के कार्यालय मंत्री से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने भी संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों से चर्चा की है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार को एक ज्ञापन देकर एसआईआर की तिथि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह काम सर्तकतापूर्वक किया जाना चाहिए। यह कार्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक करीब 01 करोड़ 51 लाख 69 हजार 885 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो कि प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या के 72 प्रतिशत से अधिक है। विगत 4 नवम्बर से एसआईआर की शुरूआत के बाद से बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या दो करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 है।

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहर को दी 60 लाख की सौगात, दुर्ग शहर को दी 60 लाख की सौगात

### चण्डी मंदिर परिसर में डोमशेड व मंच निर्माण का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज दुर्ग शहरवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रतीक माता चण्डी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किया और वार्ड क्रमांक 03 व 33 के समीप स्थित चण्डी मंदिर के पास डोमशेड, मंच एवं अहाता निर्माण कार्य हेतु 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि चण्डी मंदिर इस नगर की आस्था का केन्द्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को भव्य एवं सुंदर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियां इसकी गरिमा को महसूस कर सकें। मंत्री श्री यादव ने बताया कि विधायक रहते हुए भी उन्होंने विभिन्न मंदिरों में विधायक निधि से डोमशेड का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि देवधामों को स्वच्छ और आकर्षक बनाना हमारा दायित्व है, क्योंकि इनसे समाज में श्रद्धा और सकारात्मकता का संचार होता है।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार, पार्षद श्री नरेन्द्र बंजारे, सभापति श्री श्याम शर्मा, पार्षद श्रीमती शशि द्वारिका, कार्यपालन अभियंता श्री जे.के. मेश्राम तथा अनुविभागीय अधिकारी श्री सी.के. सोने सहित अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नगर निगम प्रशासन द्वारा दो दुकानों को बकाया नहीं देने पर तत्काल किया सीलबंद

रायपुर, 13 नवंबर (आरएनएस)। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 6 राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव के नेतृत्व और जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती स्वाती शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित राजस्व विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में जोन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 59 और वार्ड क्रमांक 62 अंतर्गत क्षेत्र में कुल दो दुकानों को बकाया राशि अदा नहीं किये जाने पर उन्हें तत्काल स्थल पर सीलबंद करने की कार्यवाही की गयी।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल निकलेगी पदयात्रा

**रायपुर ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रायपुर में कल 14 नवम्बर 2025 को भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देगा। यह पदयात्रा दोपहर 3 बजे शासकीय जे.आर. दानी शाला से प्रारंभ होकर कालीबाड़ी चौक, कोतवाली चौक, आजाद चौक, तात्यापारा, राठौर चौक, गुरुनानक चौक, स्टेशन रोड, फाफाडीह चौक, पीली बिल्डिंग, पाटीदार भवन होते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल चौक, टिंबर मार्केट में संपन्न होगी। प्रमुख चौकों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। इस यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बना घर : व्यापारी मनीष कुमार केडिया ने लिया पीएम सूर्य घर योजना का लाभ



**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम जनजीवन में उजाला और आत्मनिर्भरता दोनों का संचार कर रही है। सारंगढ़ के व्यापारी मनीष कुमार केडिया ने इस योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत केडिया ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित कराया है। इसकी कुल लागत 2 लाख 85 हजार रुपए रही, जिसमें से केंद्र सरकार की ओर से 78 हज़ार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है, जबकि राज्य सरकार की 30 हज़ार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी शीघ्र मिलने वाली है।अगस्त 2025 से उनके सोलर पैनल से घर की संपूर्ण बिजली की आवश्यकता पूरी हो रही है। परिणामस्वरूप उनके घर का बिजली बिल कई महीनों से नहीं आ रहा है। पहले जो राशि बिजली बिल में खर्च होती थी, अब उसका समायोजन भविष्य के बिलों में किया जा रहा है।हितग्राही मनीष कुमार केडिया ने बताया कि पहले हर माह बिजली बिल से घरेलू बजट पर दबाव पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब आत्मनिर्भर हो हूं और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा हूं मेरी छत अब ऊर्जा, बचत और स्वावलंबन तीनों का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इस योजना के सफल संचालन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक उत्कृष्ट पहल है, जिसे हर घर तक पहुँचाना चाहिए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और सरल है। इच्छुक उपभोक्ता चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पोर्टल, पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप या टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।यह योजना न केवल प्रत्येक महीने हजारों रुपये की बचत करा रही है, बल्कि हितग्राहियों को हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नागरिक अब इस योजना के माध्यम से ÷ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत÷ के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने किया सड़क सीमेंटकरण कार्य का भूमिपूजन,ब्रह्माकुमारी संस्था की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी

### बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सभी की जिम्मेदारी - मंत्री श्री यादव



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आज दुर्ग नगर के लिए एक और महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। मंत्री श्री यादव ने 77.52 लाख रुपये की लागत से ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर होते हुए बाईपास तक 0.80 किलोमीटर लंबाई की सड़क के सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ राज्य कृषि उपज मंडी समिति के मद से किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई है। इस सड़क के निर्माण से दुर्ग के शहरवासियों और ग्रामीणवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे जनजीवन की गतिविधियों को गति मिलेगी।

मंत्री श्री यादव ने कहा कि गांव के वातावरण को बनाए रखना है और यहां की संस्कृति को नहीं छोड़ना है। उन्होंने कहा कि बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम सभापति श्री श्याम शर्मा, पार्षद श्री ललित ढीमर, श्रीमती कुमारी साहू, ब्रह्मकुमारी रूपाली दीदी और भारती दीदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे। मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कर नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दुर्ग शहर में कई अन्य विकास कार्यों की शुरुआत की जाएगी।

# गौवंश तस्करी के फरार दो आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना खमतराई पुलिस को मिली सफलता

**रायपुर।** प्रार्थी प्रिंस सिंह परमार पित्ता जितेन्दर सिंह परमार उम्र 26 साल साकिन कैलाश नगर बीरगांव से सूचना मिला कि दिनांक 01.11.25 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9815 में भारी मात्रा में गौ वंश की तस्करी की जा रही है, तथा ट्रक बिलासपुर से रायपुर की तरफ आने वाली है की सूचना पर तत्काल मेटल पार्क रावांभाठा धनेली नाला में चेकिंग कार्यवाही कर प्रार्थी के बताये वाहन ट्रक का आने का इंतजार कर रहे थे, इसी दौरान सुबह करीबन 04.00 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9815 रांवाभाठा मेटल पार्क के पास आया, पुलिस चेकिंग को देखकर ट्रक चालक वही पर ट्रक को छोडकर फरार हो गये, ट्रक के पीछे डाला को खोलकर चेक करने पर कुल 24 नग गौ वंश नंदी भरा मिला जिसमें से 05 नंदी का मृत्यू हो गया था. ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9815 का चालक द्वारा अपने वाहन में गौ वंश भरकर कुरता पुर्वक परिवहन करते पाये जाने से आरोपी वाहन चालक विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध कमांक 1164/25 धारा 325, बीएनएस एवं पशु करता अधि. 11 (1), (घ) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रकरण के फरार आरोपी की लगातार पतासाजी किया जा रहा था कि वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9815 के वाहन स्वामी उमेश दावड़े के संबध में जानकारी मिलने पर आरोपी उमेश दावड़े को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर बताये कि अपने साथी विवेक तिवारी एवं विकास तिवारी के साथ मिलकर खैरागढ़ से 30 नग मवेशी ट्रक में भरकर नागपुर ले जा रहे थे, बीच में 06 मवेशी ट्रक से कूद जाने से बाकी 24 नग मवेशी को रायपुर होते हुए नागपुर ले जा रहे थे।

## संपादकीय

### मोदी की लहर कायम चुनावी नतीजों से दिखा

तेजस्वी यादव ने भी युवा शक्ति के नाम पर हुंकार भरी थी तेजस्वी के नेतृत्व में ऐसी करारी हार महागठबंधन को मिली जो कांग्रेस को साफ कर गई। बिहार में मोदी की लहर देखनी को मिली है। विपक्ष के नेताओं ने चुनावी प्रचार के दौरान खूब निजी हमले किये थे पीएम पर लेकिन जनता ने चुनाव परिणाम से जवाब दे दिया है कि जहरीली भाषा का प्रयोग करने वाले नेताओं का क्या हाल होगा। यह भी देखने को मिला बिहार के चुनाव में कि मोदी की लहर पहले जैसी नहीं है और जनता 20 साल बाद बदलाव चाहती है किंतु यह भी गलत साबित हुआ। इसके अलावा लालू ने भी खूब प्रयास किया जनता को अपने तरफ आकर्षित करने का इसके लिये तरह-तरह के बयानबाजी भी किये गये जैसे तवे पर से रोटी पलटनी चाहिये किंतु उनका यह भी प्रयास विफल हुआ।



## रोजगार की चाह में पलायन!

हरिशंकर व्यास

जैसे शेष भारत में बिहार की एक अलग पहचान है वैसी ही पहचान दुनिया में भारत की है। पचास वर्षों से बिहार बता रहा है कि लोग वहा से भाग रहे हैं। भय के कारण या अवसर और रोजगार की चाह में पलायन! क्या वैसी ही हकीकत भारत की नहीं है? सोचें, पिछले पंद्रह वर्षों से भारतीयों का पलायन क्यों कर है? अमीर, बड़े लोगों में दुबई, सिंगापुर, अमेरिका आदि जगह जाने के पीछे तरह-तरह के भय हैं। चिंताएं हैं। ढेरों हैं ऐसे आंकड़े जो बताते हैं कि उद्यमी-अमीर भारत छोड़ रहे हैं। हाल में सुनने को मिला कि अंबानियों ने इस बार ब्रिटेन में दिवाली मनाई! खाते-पीते मध्यम-अमीर वर्ग की निगाहों में भारत वह जंगल हो गया है, जहां न सांस साफ है, न वह घूमने लायक है और न शादी या सालगिरह मनाने लायक न निवेश लायक! सोचें, क्या ऐसी बुरी दशा जंगल में होती है?

तभी पते का अहम मसला भारत के लोगों को दुनिया में इस सोच में देखा जाना है कि एक भारतीय (बिहारी) सौ बीमारी। दीवाली पर अमेरिका में सोशल मीडिया में ये पोस्ट थी कि हिंदूओं ने आकर कनाडा, अमेरिका के जंगल तबाह किए! भारतीय छात्रों के साथ बदसलूकी की खबरें आम हैं। संदेह नहीं कि बिहार की तरह ही शिक्षा के साथ अवसर के जुगाड़ में भारत से जो पलायन हो रहा है वह इस सोच में है कि कैसे भी हो, कोई भी अवसर हो उसे पाना है। कुछ भी करना है। तीस साल पहले भारत से लोग खाड़ी, आसियान देशों में मजदूरी, कारीगरी, कंस्ट्रक्शन जैसे किसी भी तरह के अवसर की तलाश में पलायन कर रहे थे। बाद में आईटीकर्मी के नाते जाने लगे।

मगर तीस-चालीस साल पहले दक्षिण से, केरल से भारतीयों का पलायन कार्य-अवसर विशेष से हुआ करता था। पर मिलेनियम पीढ़ी के बाद से भारत में हर जगह से, किसी भी तरह, दुनिया के किसी भी कोने में पलायन का ट्रेंड है। सामान्य बात नहीं है कि बेसिक आईटी शिक्षा लिए भारतीय लड़के कंपूचिया, म्यांमार, वियतनान, लाओस आदि में डिजिटल अपराध गैंग की चंगुल में फंसे। मतलब वही मनोविज्ञान काम कर रहा है जो बिहार से बाहर रोजी-रोटी, बेगारी के लिए पलायन का था।

तभी अमेरिका के राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीयों को हथकडी लगाकर लौटाया तो बाकी देशों में भी सभी तरफ भारतीय प्रवासियों पर फोकस हैं।

पर भारत निरूत्तर। मोदी सरकार लगातार ट्रंप की रीति-नीति (खासकर छात्रों के अवसर, पेशेवर वीजा आदि में) के आगे पस्त है। वे मई से भारत को बार-बार जलील कर रहे हैं। भारत मजबूरन मौन। सोच सकते हैं इससे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन, यूरोपीय संघ, खाड़ी-अफ्रीकी, आसियान देशों में भारत की इमेज कैसी बन रही होगी? ताजा खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान बैठक, पूर्व एशिया बैठक से वैसे ही किनारा काटा है जैसे संयुक्त राष्ट के महाधिवेशन और शर्म अल शेख की गाजा शिखर बैठक से काटा था। ध्यान रहे आज से दक्षिण कोरिया में एपेक, आसियान-पूर्व एशियाई देशों के संगठनों की शिखर कूटनीति है। चीन के राष्ट्पति शी जिनफिंग व ट्रंप की मुलाकात से लेकर समूचे दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी एशियाई देशों में विश्व व्यापार, राजनीति के जो दांवपेंच होंगे उन सबसे भारत के बाहर होने, प्रधानमंत्री मोदी के बाहर रहने का वही अर्थ है जो अरब-खाड़ी देशों के गाजा जमावड़े में शर्म अल शेख में उनकी अनुपस्थिति का था।

मतलब ट्रंप की वजह से अरब-खाड़ी देशों में पाकिस्तान को नए महत्व और आसियान व पूर्व एशिया में ट्रंप-शी जिनफिंग के दबदबे से प्रधानमंत्री मोदी दूर रहे हैं तो वजह घबराहट है। जबकि दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि तौबा कर भारत सरकार अंततः अमेरिका के कहे अनुसार कृषि उत्पादनों में भी खरीदारी करेगी। रूस से तेल आयात घटाएगी।

# बिहार में बडबोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े।

इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए ) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है।

महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रोज़गार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई।

इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को ÷स्थिरता .विकास÷ के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा।

इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के ÷मोहरा÷ नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह ÷सुशासन का दूसरा अध्याय÷ लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है।

निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही। इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं।

इस चुनावी जनादेश को केवल राजनीतिक वर्चस्व के चश्मे से नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी से देखना जरूरी है। यह जीत भाजपा, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि चुनावी नारों की चमक शासन की रोशनी में भी कायम रह सकती है। बिहार की जनता ने महागठबंधन की ऊँची-ऊँची बातों, वंशवादी दावों और बड़बोले नेताओं की कटुता को नकारकर यह संदेश दिया है कि उन्हें स्थिरता, ईमानदार नेतृत्व और विकास का भरोसा चाहिए। इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर कांग्रेस को करारी हार दी है, जो पार्टी के लिये आत्ममंथन का बड़ा कारण है। एनडीए की यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार के नए भाग्य का उदय है। अब देखते हैं कि यह उदय सच्चे अर्थों में उजाला बिखेरता है या सिर्फ राजनीतिक रोशनी भर साबित होता है।

**यह निजी विचार है।**

# बिहार में नीतीश का जादू बरकरार

**– बरुण कुमार सिंह**



बिहार में मुकाबला मुख्य रूप से जदयू के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ एनडीए और राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच था। इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के एक्जिट पोल नतीजे के बाद जो आश्चर्यकारी परिणाम आये हैं, उसकी गूंज आने वाले पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखायी देगी। लोकतंत्र के इस मंदिर की चैखट पर विराजमान दृश्य कुछ ऐसा है जिसमें हालात किसी एक पार्टी तक ही सीमित नहीं, बल्कि सभी प्रमुख दलों में टिकटों की दावेदारी में राजद व कांग्रेस और जदयु व भाजपा, लोजपा और इसके साथ ही कोई भी अन्य दल इनसे अछूता नहीं है। 10,000 रुपये महिलाओं के खाते में भेजने के कारण महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा और उन्होंने नीतीश सरकार के लिए जमकर मतदान किया जो आज के चुनाव परिणाम में दिखाई दे रहे हैं, इस चुनाव परिणाम ने सारे एग्जिट पोल को झुठला दिया। इस चुनाव परिणाम ने जदयु, भाजपा एनडीए गठबंधन की सत्ता को बरकरार रखा बल्कि उनकी ताकत एवं सीटों में इजाफा पहले से बहुत ही बेहतर हुआ है। चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि नीतीश का जादू अभी भी बिहार में बरकार है।

बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयु, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे, यह आनेवाले दिनों में पता चलेगा। विधानसभा चुनाव में जनता स्थानीय मुद्दों को ज्यादा तवज्जो देती है। बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत करिश्मे के सहारे चुनाव दर चुनाव जीत रही है और मोदी का वह करिश्मा बिहार में भी आश्चर्यकारी परिणाम लाये हैं क्योंकि बिहार में सुशील मोदी के निधन के बाद उनके स्तर का नेता आज भी नहीं है। ताजा चुनाव नतीजों को नीतीश भाजपा की गठबंधन सरकार के कामकाज पर टिप्पणी की तरह ही देखा जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की दर्जनों रैलियां बताती हैं कि एनडीए इस चुनाव को लेकर कितना संवेदनशील है। क्योंकि इसका असर पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी असर देखने को मिलेगा। नीतीश कुमार का प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है, खास तौर पर महिलाओं की वजह से, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर उनका नाम औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया। इससे उनका वोटर कुछ असहज रहा। राजद महागठबंधन का स्तर बहुत मुश्किल भरा रहा है, आरजेडी अपने पिछले प्रदर्शन को भी कायम नहीं रख सकी 1 नंबर से वह 3 नंबर पर पहुंच गई, इस बार का उसका प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा, उसके मुद्दे और वायदे जनता को पिछली बार की तरह नहीं आकर्षित कर पाई। सत्ता में उसकी आने की कोशिश और पीछे चली गई। पिछली बार आरजेडी ने 75 सीटें जीती थीं, जो आज 28 सीटों पर सिमट कर रह गई। सरकारी नौकरियां, माई बहन योजना, 30000 रुपये महिलाओं को सरकार बनते ही एकमुश्त देने की घोषणा एवं आजीविका दीदी को पक्की नौकरी और उनकी वेतन 30000 रुपये तक करने का वायदा भी कुछ खास असर नहीं कर पाया।

जनसुराज पार्टी की स्थिति मोटे तौर पर निराशाजनक ही कही जाएगी, क्योंकि वह पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल पाया। प्रशांत किशोर खुद कहते रहे हैं कि या तो अर्श पर होंगे या फर्श पर। अगर नतीजे उनके पक्ष में नहीं आए वे इसे अपने बयान की पुष्टि ही मानेंगे। प्रशांत किशोर ने शुरुआत में कहा था कि वे राघोपुर से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन बाद में पीछे हट गए, इससे उनके कार्यकर्ता निराश हुए, जब नेता ही मैदान छोड़ दे, तो कैडर का मनोबल गिरना स्वाभाविक है। महागठबंधन में भी तालमेल की कमी दिखी। चुनाव से दस दिन पहले तक पार्टियों में बातचीत नहीं हो रही थी।

पिछली बार के मुकाबले नीतीश कुमार की सीटें बढ़ी, एनडीए के भाजपा सहित सभी दलों ने अपना स्ट्राइक रेट बेहतर किया है। पहले के चुनाव में चिराग पासवान नीतीश के विरोध में लड़े थे, लेकिन इस बार वह नीतिश के साथ थे, इससे दोनों दलों एवं एनडीए गठबंधन को इसका फायदा मिला। बिहार के लोगों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भरोसा अभी भी बना हुआ है। चुनाव परिणाम ने पूर्व के सारे अनुमान को गलत साबित कर दिया क्योंकि एंटी-इनकंबेंसी का असर घोषित चुनाव परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं पड़ रहा है। बिहार में कुल 67.13 फीसदी का रिकॉर्ड मतदान हुआ। लेकिन महिलाओं ने इससे भी आगे बढ़कर 71.78 फीसदी मतदान किया, जबकि पुरुषों का मतदान फीसदी 62.98 प्रतिशत रहा। कई जिलों में महिलाओं ने पुरुषों से 10 से 15 फीसदी ज्यादा वोटिंग की। महिलाएं पिछले 15 सालों से लगातार ज्यादा संख्या में वोट कर रही थीं, लेकिन 2025 में उनकी भारी भागीदारी ने सबको चैंका दिया।

नीतीश कुमार की 10वीं पारी सुनिश्चित करने में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये का कैश ट्रांसफर टर्न अराउंड का सबसे बड़ा फैक्टर साबित हुआ। महिला वोटरों का भरोसा उनके पक्ष में मजबूत हुआ और विपक्ष की रणनीति कमजोर पड़ गई। नीतीश की ये स्कीम चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस योजना के तहत 1.5 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसका अप्रत्यक्ष असर लगभग 4 से 5 करोड़ परिवारों पर पड़ा। कहा जा सकता है कि इस स्कीम ने नीतीश और बीजेपी को तगड़ा वोट हासिल करने में मदद की है।

महिलाओं के पक्ष में स्कीम डिलीवरी का नीतीश कुमार का लंबा इतिहास रहा है। इसमें मुफ्त साइकिल, शराबबंदी, छात्रवृत्ति, पंचायत में 50 प्रतिशत सीटों का आरक्षण, सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण अहम हैं। इस बार नीतीश कुमार ने 10 हजार नगदी देने का न सिर्फ वादा किया बल्कि इसे डिलीवर भी किया। इसका नतीजा उन्हें महिलाओं के बंपर वोटों के रूप में मिला। **यह निजी विचार है।**

# चैंपियन रहे बिहार के मतदाता



**डॉ नीतू कुमारी नवगीत**

बिहार की भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। ऐतिहासिक साक्ष्यों से साबित हुआ है कि बिहार के वैशाली में ही लोकतंत्र के प्रथम सफल प्रयोग हुए। बिहार राजनीतिक रूप से एक जागरूक राज्य भी है। लोकतंत्र के भाग्य विधाता मतदाताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शानदार भागीदारी निभाते हुए इस बात की पुष्टि की है कि क्यों देश में बिहार को राजनीतिक रूप से जागरूक और प्रतिनिधि राज्य माना जाता है।

चुनाव आयोग द्वारा जो अनंतिम आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार इस बार के चुनाव में 66.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के 73 सालों के चुनावी इतिहास में पहली बार राज्य के मतदाताओं ने इतनी बम्पर वोटिंग की है।इससे पहले वर्ष 2000 में 62.57 प्रतिशत मतदान हुआ था । बिहार की महिलाएं लगातार बढ़त बनाई हुई हैं । इस बार भी महिलाओं ने पुरुषों से लगभग 8.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया है ।

भारत निर्वाचन आयोग ने इसको विशेष मतदाता पुनरीक्षण और व्यापक जन भागीदारी सहित सभी सम्बंधित पदाधिकारी और जनजागरूकता से जुड़े लोगों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है ।

भारतीय संविधान लागू होने के उपरांत मतदाताओं की भागीदारी के आधार पर यह बिहार का सबसे सफल चुनाव रहा। महिला मतदाताओं का जोश पुरुष मतदाताओं से भी अधिक रहा। दूसरे चरण के मतदान में 74त्न से भी अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि मात्र 65त्न पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों चरणों के मतदान के दौरान महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। कुल मिलाकर जहां 65.08 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 68.76 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई। बिहार की महिलाओं की यह सजगता काबिले तारीफ है। चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन के रूप में जहां कहीं भी मैं मतदाताओं की मतदान की जरूरत के संबंध में बताने गई, रिस्पांस बहुत अच्छा रहा। बिहार के लोग चुनाव को लेकर उत्साहित रहते हैं। इस बार मतदाताओं ने चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया। लोक आस्था के महान पर्व छठ के ठीक बाद हुए चुनाव में मतदाताओं ने वैसे ही बढ़-कर कर भाग लिया जैसे अपने लोकोत्सव को मनाया। मतदान प्रक्रिया में इतनी अच्छी भागीदारी लोकतंत्र की जीत है, बिहार की जीत है। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करने में 8.5 लाख से अधिक कर्मचारियों, 1.4 लाख से अधिक पोलिंग एजेंट, 243 जनरल ऑब्जर्वर, 38 पुलिस ऑब्जर्वर, 67 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने भी अपनी भूमिका निभाई। सभी अपनी शानदार भूमिका के लिए बधाई के पात्र हैं।

इस चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलिपींस, बेल्जियम और कोलंबिया के 16 प्रतिनिधि भी आए जिन्होंने बिहार में हुए इस शानदार चुनाव और जनता के उत्साह को देखा, समझा और महसूस किया।वस्तुतः लोकतंत्र का महापर्व चुनाव ही है। पिछले कुछ चुनाव में जनता की कम भागीदारी चिंता का विषय रहा है लेकिन इस बार बिहार के मतदाताओं ने नई राह दिखाई है। अपार उत्साह और रिकॉर्ड वोटिंग के साथ उन्होंने संदेश दे दिया है कि लोकतंत्र में उनकी गहरी आस्था है। आगे का काम जनप्रतिनिधियों का होगा। चुनावी प्रक्रिया में जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में जाने का मौका मिलेगा, उन सब को जनता के विश्वास पर खड़ा उतरना होगा। अपनी भूमिका सशक्त तरीके से निभानी होगी ताकि जनता का भरोसा न सिर्फ उन पर बना रहे, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी बना रहे। जय लोकतंत्र जय बिहार की जनता । (डॉ नीतू कुमारी नवगीत बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पटना जिला में निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप आइकॉन रही। वह बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।)

**(लेखिका स्वीप आइकॉन, निर्वाचन आयोग हैं)**

# केसिंगा द्रोणाचार्य स्कूल में रोहित शर्मा क्रिकेट एकाडमी का उद्घाटन




लोकशक्ति

केसिंगा स्थानीय द्रोणाचार्य स्कूल में आज क्रिकेट जगत के महानायक एवं भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के छोटे भाई श्री विशाल शर्मा जी के द्वारा स्थानीय स्कूल परिसर में क्रिकेट अकाडमी का उद्घाटन किया गया।

इस उद्घाटन समारोह में कई गण मानिय व्यक्ति एवं स्कूल के कर्णधार श्री अर्चना अग्रवाल जी, श्री सुशांन्त पहाड़ी जी, एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक पत्रकार सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। इस पत्रकार सम्मेलन में काफी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे ।श्री विशाल जी ने कहा कि हमारा मकसद बच्चों को क्रिकेट से जोड़ना एवं उनको एक नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं ।जो कि आगे भविष्य में जाकर के वहां महान खिलाड़ी बन सकते हैं। स्थानीय द्रोणाचार्य स्कूल का इतिहास इसको जानकार प्रसन्नता हो रही है कि वहां के बच्चों में काफी संस्कार देखा गया।

स्थानीय परिसर में वार्षिक उत्सव का भी आयोजन किया गया था इस आयोजन में उड़ीसा के जाने-माने नेता एवं पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।एवं उन्होंने अपने वार्ता में कहा कि द्रोणाचार्य स्कूल के बच्चों से आज मिलकर के काफी हर्ष एवं उल्लास का महसूस हो रहा है। इस बच्चों में काफी कला और संस्कृति का भंन्डार भरा हुआ है। द्रोणाचार्य स्कूल का उद्घाटन करीबन 30 साल पहले छोटे से लिटिल एंगल स्कूल से किया गया था ।

आज वह स्कूल अपना बट वृक्ष की तरह अपना प्रसार कर चुका है। वहां के स्कूल के बच्चों में अगर देखा जाए तो पूरे अंचल में अपना नई अलग जगाइ है। श्री अर्चना जी अग्रवाल एवं उनके पूरे टीम के सदस्यों ने काफी मेहनत एवं लगन से अपना स्कूल का परिचालना कर रहे। हैं। आज की वार्षिक उत्सव में काफी संख्या में केसिंगा शहर के विशिष्ट व्यक्ति एवं छात्र उपस्थित रहे ।करीबन 800 से अधिक छात्राएं अपना शिक्षा क्षेत्र के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। आज वहां पर बास्केटबॉल क्रिकेट ग्राउंड एवं स्विमिंग पूल का भी उद्घाटन श्री विशाल जी के द्वारा किया गया। करीबन 8 एकड़ से फैला यह स्कूल पूरे अंचल में अपना नाम रोशन कर रहा है।



# निगम जोन 4 राजस्व विभाग ने बड़े बकायादार पर कड़ी कार्यवाही की, बकाया राशि अदा नहीं करने पर सीलबंदी की

**रायपुर -** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू और जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 4 के अंतर्गत बड़े बकायेदार पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाकर जोन 4 के अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र में बकायादार भवन स्वामी श्री हुंडरज माल द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की बकाया राशि रु 205516 के बकाये संपत्तिकर की राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर तत्काल सीलबंदी की कार्रवाई की गई । अभियान में जोन 4 सहायक राजस्व अधिकारी श्री अमरनाथ साहू, राजस्व निरीक्षक श्री ऋषि परोच, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री कौशिक राम साहू, श्री मनहरण निषाद, श्री शेख जुनैद, श्री प्रणय ठाकुर सहित जोन क्रमांक 4 राजस्व विभाग के अन्य सम्बंधित राजस्व विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत महापौर संजय पाण्डेय ने दी बधाई

जगदलपुर

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक व प्रचंड जीत पर जगदलपुर महापौर संजय पाण्डेय ने हृदय से बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए एनडीए पर अपार विश्वास जताया है। यह विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व, नीतियों, विकास दृष्टि और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना में जनता की आस्था का प्रमाण है। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए द्वारा प्राप्त यह प्रचंड बहुमत जन-जन की आकांक्षाओं, विश्वास एवं सक्रिय जनभागीदारी की जीत है।

बिहार की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जहां-जहां एनडीए की सरकारें बनी हैं, वहाँ निरंतर विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को गति मिली है। वहीं जहाँ दूसरे दलों की सरकारें बनीं, वहाँ विकास बाधित हुआ है। बिहार की जनता ने भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति को सिरे से खारिज करते हुए विकास के मार्ग को चुना है। उन्होंने कहा कि NDA सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को



सम्मान एवं न्याय, किसानों की आय वृद्धि, गरीबों के उत्थान तथा बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण को लेकर जो प्रतिबद्धता दिखाई है, उसी का परिणाम है कि जनता ने भारी बहुमत से समर्थन दिया है। बिहार की जनता भलीभांति समझ चुकी है कि विकास का मार्ग केवल डबल इंजन की सरकार ही प्रशस्त कर सकती है।

महापौर संजय पाण्डेय ने बिहार के सभी विजयी NDA प्रत्याशियों, गठबंधन दलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा बिहार की देवतुल्य जनता को साधुवाद प्रेषित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विजय बिहार को नई दिशा देगी, विकास को नई गति देगी और आने वाले वर्षों में बिहार प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

अंत में उन्होंने कहा– ÷मैं बिहार की जनता को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। यह जीत बिहार के उज्जवल भविष्य, स्थिरता और सुशासन का मार्ग प्रशस्त करेगी। NDA की यह ऐतिहासिक विजय पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।÷

# महलपारा में FLN बाल मेला सह न्योता भोजन बच्चों के मॉडल रहे आकर्षण का केंद

## कोरिया जिला मिशन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशन में हुआ सफल आयोजन

लोकशक्ति।

जिला मिशन समन्वयक कोरिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, महलपारा में आज FLN (Foundational Literacy & Numeracy) एवं बाल मेला का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

मेले में बच्चों द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक प्रोजेक्ट, मॉडल, चार्ट तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया।

विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे मॉडलों, सजावट और बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक चित्रों से मनमोहक दिखाई दे रहा था। विद्यार्थियों ने जल-चक्र, पर्यावरण संरक्षण, गणितीय संकल्पनाएँ, भारत का मानचित्र, व्याकरण, सामाजिक विज्ञान तथा अन्य विषयों पर आधारित थ्री-डी मॉडल, प्रैक्टिकल गतिविधियाँ और सीख-आधारित प्रदर्शन प्रस्तुत किए।




अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय के गणमान्य अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण कौशल और विषयगत समझ की सराहना की। बच्चों ने आत्मविश्वासपूर्वक अपने मॉडल एवं गतिविधियों की जानकारी दी, जिससे उनमें सीखने की प्रक्रिया, अभिव्यक्ति क्षमता तथा व्यवहारिक ज्ञान का विकास हुआ।

FLN एवं बाल मेले का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में– रचनात्मकता टीमवर्क, अवधारणात्मक समझ, संवाद कौशल, आत्मविश्वास, का विकास करना रहा, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार की स्वादिष्ट खाद्य सामग्री, मिष्ठान्न के स्टॉल, विषयवार शिक्षाप्रद झांकियाँ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्हें सभी उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर प्राचार्य अभय कुमार शर्मा, प्रधानपाठक शशिभूषण पाण्डेय, शैक्षिक समन्वयक शेषमणि मिश्रा, टिकेश्वर साहू, शिवप्रताप सिंह, अनुरंजन बेक, सुरेंद्र राजवाड़े, प्रीति खाखा, रिंकी श्रीवास्तव, शालू अग्रवाल, मंजू कुमार, जी. नेहा, विरेंद्र जायसवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# बालोद के दुधली में 09 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी

## माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव जी की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी की बैठक संपन्न

लोकशक्ति।

माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नया रायपुर स्थित आवास में बालोद में आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 की तैयारियों हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य एवं जिला पदाधिकारियों तथा स्काउटर गाइडर की आकस्मिक बैठक का आयोजन विगत दिवस 12 नवंबर 2025 को किया गया, जिसमें उन्होंने जंबूरी के प्रस्तावित नक्शे के अनुसार आवास हेतु टेंट निर्माण, कार्यक्रम हेतु एरिना एवं मंच निर्माण, पेयजल, शौचालय, स्नानागार, विद्युत, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा हेतु हॉस्पिटल एवं सुरक्षा प्रबंधन की तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किए।

बैठक में प्रमुख रूप से राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा, राज्य संघ कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा, राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू, जिला अध्यक्ष दुर्ग अशोक कुमार देशमुख, राज्य एवं जिला संघ के विभिन्न पदाधिकारीगण, कोरिया जिले से जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू लीडर ट्रेनर (स्काउट) सहित विभिन्न जिलों के स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।




मंत्री श्री यादव ने कहा –

> ÷यह आयोजन छत्तीसगढ़ के गौरव का प्रतीक बनेगा, जहाँ देशभर से लगभग 15 हजार स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर एक साथ भाग लेंगे। हमें इसे 'मिनी इंडिया' के रूप में प्रस्तुत कर राष्ट्रीय एकता और युवा शक्ति का संदेश देना है। जहां एक ओर हम छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ मना रहे हैं वहीं हमारे राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसकी झलक विशेष तौर पर जंबूरी में देखने को मिलेगी। जिसके अंतर्गत युवा संसद, वन्दे मातरम् गीत गायन, छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक धरोहर करमा, सुवा, पंथी, डंडा, रावत नाचा, गेड़ी नृत्य की झलक एक ही मंच में एक साथ बड़े ही सुनियोजित तरीके से देखने को मिलेगा साथ ही छत्तीसगढ़ के पशु - पक्षियों, नदियों, पहाड़ों, पर्यटन स्थलों की झलक भी मिलेगी।

# कोनी पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया

**0 आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए तलाश रहा था ग्राहक**

0 होंडा शाइन मोटरसाइकिल पुलिस ने किया जब्त

**बिलासपुर, (आरएनएस)।** वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा शहर में हो रहे लगातार मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरणों में पूर्ण अंकुश लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं जिसके अनुक्रम में थाना कोनी क्षेत्र में दिनांक 13. 11. 25 को तुरकाडीह चौक में एक व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना पर तस्दीक हेतु थाना कोनी स्टाफ के द्वारा मौके पर तत्काल पहुंचकर तुरकड़ी चौक में घेराबंदी कर उसको पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम पप्पू पटेल निवासी तुरकाडीह कोनी का होना बताया जिसे मोटरसाइकिल होंडा शाइन के संबंध में जरूरी वैध कागजात पेश करने बोला गया जो आरोपी के द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताया तत्पश्चात आरोपी से एक नग काले रंग की बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल कीमती लगभग ?30000 समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है।आरोपी का कृत्य धारा सदर 35(ख)(1),(ड ) बीएनएसएस /303 बीएनएस के तहत अपराध घटित करना पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही की गई।



# श्री रानी सती दादी जी के जन्मोत्सव का भव्य समापन

**संवाददाता।** रायपुर - राजा तालाब स्थित श्री रानी सती मंदिर में दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री किशोर ड्रोलिया ने बताया कि जन्मोत्सव के पहले दिन रात्रि में भजन संध्या एवं जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भक्ति संगीत के माध्यम से दादी माँ के जन्मोत्सव की आनंदमयी शुरुआत हुई।

मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी श्री कैलाश अग्रवाल ने बताया कि आज 13 नवंबर की सुबह 7:30 बजे दादी माँ के जयघोष ÷जय दादी की ÷ के साथ मंदिर के पट खोले गए। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने परिवार सहित उपस्थित होकर जात-धोक पूजन कर अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर दादी माँ के जयकारों से गूंज उठा।

दोपहर 2:30 बजे से श्री गणेश, भगवान शंकर, हनुमान महाराज, सोडस मातृका, नवग्रह एवं वरुण देव का आह्वान कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा दादी माँ की ज्योति प्रज्वलित कर छप्पन भोग का अर्पण किया गया।



तत्पश्चात 2:45 बजे से आरंभ हुए मंगल पाठ में लगभग 400 महिला श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा – लाल-पीली ओढ़नी-चुनरी – तथा पुरुष श्रद्धालु भारतीय परिधान में उपस्थित होकर भक्तिभाव से सहभागी बने। समता कॉलोनी निवासी श्रीमती वीणा मित्तल द्वारा मंगल पाठ का वाचन किया गया, जिसमें दादी जी के जन्मोत्सव, बाल चरित्र, हल्दी, मेहंदी, चुनरी, गजरा, मुलावा जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

मंगल पाठ के बीच में ÷दादी जी खजाना लकी कूपन÷ के माध्यम से चुनरी वितरण किया गया, जिसे पाकर भक्त भावविभोर हो उठे। संध्या 6:30 बजे महा आरती एवं छप्पन भोग प्रसाद वितरण के साथ यह दो दिवसीय भव्य जन्मोत्सव संपन्न हुआ। उपस्थित भक्तों ने एक-दूसरे को दादी जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएँ दीं और उनके आशीर्वाद की कामना की।

मां रानी सती दादी जी को दुर्गा के स्वरूप में लोकशक्ति और मातृशक्ति का प्रतीक माना जाता है। वे केवल एक कुलदेवी नहीं बल्कि नारी शक्ति, साहस और अखंड सौभाग्य की प्रेरणादायी मूर्ति हैं। जिनके घर की कुलदेवी रानी सती दादी जी हैं, वहाँ तो वे घर-घर में पूजित हैं ही, परंतु आज पूरे भारतवर्ष में भी मां दुर्गा के रूप में लोकशक्ति स्वरूपा दादी जी की आराधना की जाती है। उनकी कृपा से भक्तों के जीवन में सौभाग्य, समृद्धि, धैर्य और आस्था का संचार होता है।

मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दादी माँ की कृपा से यह जन्मोत्सव भक्ति, संस्कृति और समाज एकता का अद्भुत प्रतीक बन गया।

### संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी बाल दिवस पर विद्यालयीन बच्चों के साथ पहुंचे राष्ट्रपति भवन

# हरिराम गट्टानी मेमोरियल जयभारत इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का आमंत्रण

जांजगीर चांपा /

जिले की हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम को राष्ट्रपति भवन से मिलने का आमंत्रण मिला था , जिस पर आज बाल दिवस के अवसर पर संचालक , प्रबंधक ने बच्चों के साथ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकत किए । यह मुलाकात विद्यालय प्राचार्या गुरमीत कौर धनजल मैम के प्रयास से विद्यालय को राष्ट्रपति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह विद्यालय के लिए प्राचार्य महोदया द्वारा दी गई बड़ी उपलब्धि में से एक है।आज पूरा देश भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के मौके पर बाल दिवस मना रहा है ।इस दिन का उत्साह बच्चों के अंदर खास तौर पर देखा जा रहा है जहां जांजगीर स्थित जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी समेत चार विद्यार्थी शुभी अग्रवाल कक्षा दसवीं, स्वरा सिंह कक्षा 9 वीं, अयांश थवाईत कक्षा 9 वीं , अभिषेक कक्षा- 7 वीं इस दिन को मनाने के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन पहुंचे जहां उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बातचीत के दौरान परिचय पूछने पर छत्तीसगढ़ का नाम सुनते ही राष्ट्रपति महोदया ने अत्यंत हर्ष के साथ कहा



छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया और बच्चों से ÷छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया÷ के नारे भी लगवाए।उन्होंने बच्चों के लिए कहा कि बच्चे पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहेंगे तो निश्चित रूप से अपने मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चे देश का भविष्य है ,बच्चों की प्रतिभा को सही दिशा देना सभी की जिम्मेदारी है ,उन्होंने किताबें पढ़ने की सलाह देकर कहा कि किताबें व्यक्तित्व में बदलाव लाते हैं और सलाह दी कि किताबें व्यक्तित्व में बदलाव लाती है हम अपने बच्चों को सही दिशा दें। यह जांजगीर जिले के सीबीएसई स्कूल में से पहला विद्यालय है ,जिसे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।विद्यालय को इस प्रकार के खास मौके पर विद्यालयीन बच्चों को देश के राष्ट्रपति से मिलने के सुअवसर पर अत्यंत ही गर्व हो रहा है। यह जिले का प्रथम विद्यालय जहां 1300 विद्यार्थी अध्यनरत है और प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर एक अद्भुत कला का समावेश है, विद्यार्थियों का चयन भी उनके प्रतिभा के अनुसार ही किया गया है। विद्यालय ने 2024 व 25 में राष्ट्रपति भवन व संसद भवन का दौरा भी पूर्ण कर लिया है। इस तरह का मौका मिलने का सौभाग्य वाला यह जिले का प्रथम विद्यालय है ,जहां बच्चों का शारीरिक मानसिक व शैक्षणिक विकास की समस्त स्रोत उपलब्ध कराई जाती है ।विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित करना भी विद्यालय की एक बड़ी पहल है। जिसे विद्यालय के छात्र छात्राओं में अपने प्रतिभा पर सम्मान प्राप्त कर गर्व महसूस करते हैं। और आगे भी अपनी कला का प्रदर्शन करने में अव्वल दर्जे पर रहते हैं ।यह सब विद्यालय प्राचार्या का सक्रिय योगदान व प्रबंधन के समय-समय पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन, शिक्षक शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन व विद्यार्थियों का कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का किया निरीक्षण



जांजगीर चांपा /

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जन्मेजय महोबे द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले के वेयरहाउस में कुल 1646 नग बैलेट यूनिट, 864 नग कन्ट्रोल यूनिट एवं 1375 नग व्हीव्हीपीएटी मशीन सुरक्षित रखी गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो के रख-रखाय करने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री हितेश यादव, श्री दिगम्बर पटेल, श्री जगमोहन पाटले एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले के शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा / राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा वर्ष 2025-26 में जांजगीर-चांपा जिले के 162 शासकीय हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जुडो, कराटे, ताईक्वांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विद्याओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षणों से 24 नवम्बर 2025 सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस निर्धारित है, जिसमें प्रतिदिन 30 मिनट प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण के लिए प्रति विद्यालय राशि 5 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र प्रशिक्षक, खिलाडी मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी सहित स्वयं अथवा उचित माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जिला जांजगीर-चांपा में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। अभ्यर्थी आवेदन का प्रारूप या अन्य जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा जिले के पोर्टल httpÑ//janjgir-champa.gov.in पर देख सकते है।

### सरस्वती सायकल योजना एक महत्वकांक्षी योजना – राजकुमार साहू

## सिऊड़ में छात्रों को किया गया निःशुल्क सायकल वितरण



जांजगीर-चाम्पा।

नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम सिऊड़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी के पात्र 25 छात्राओं को वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू मौजूद रहे।

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष श्रीमती कांता कश्यप कर रही हैं। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती बृहस्पति कश्यप जनपद सदस्य, नकुल हंसराज सरपंच ग्राम पंचायत सिऊड़, संतोष राठौर उपसरपंच, सचिव उत्तम कुमार गोयल, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय राठौर, विजय साहू सरपंच प्रतिनिधी ग्राम पंचायत भैसमुड़ी, पंच बजरंग साहू, अर्जुन कुमार हंसराज, श्रीमती हेमलता राठौर, शिवकुमारी साहू, कुश साहू मौजूद रहे। उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू कहा कि भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से सरस्वती सायकल योजना एक हैं, सरस्वती सायकल योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य कक्षा नवमी की छात्राओं को मुफ्त साइकिल प्रदान करना है। यह योजना बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करके, स्कूल छोड़ने की दूरी को कम करने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी।

योजना के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाली पात्र छात्राओं को मुफ्त साइकिल दी जाती है। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य अमित मैसी, बीपी साहू व्याख्याता, श्रीमती ज्योति किरण तिवारी, एफआर खरसन मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस ने मनाया पं. जवाहरलाल नेहरू जयंती



जांजगीर चांपा /

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 135 वीं जयंती 14 नवंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में जांजगीर में मनाई गई । कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित नेहरू जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा आयोजित की गई । कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश को पंडित नेहरू पर गर्व है । उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में ऐतिहासिक योगदान दिया ,देश को आधुनिक विज्ञान में एवं प्रगति सिल? बनाने में पंडित नेहरू का विशेष योगदान रहा है , वस्तुतः उनकी देसी एवं विदेशी मामलों में देश एक मान्य शक्ति के रूप में उभर सका है । उन्होंने पूरे देश की यात्रा कर देशवासियों को विश्व के बदलते स्वरूप से अवगत कराया वे महान दृष्टा और सही अर्थों में उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता माना जाता है । पंडित जी का बच्चों के प्रति अपार स्नेह एवं प्यार रहा इसीलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीकसिद्ध की, महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजित सिंह राणा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, पार्षद विष्णु यादव,जगदीश्वरी सूर्यवंशी, श्रीमती रेखा सोनवान,पूर्व पार्षद, रामविलास राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, चंपा प्रधान, रामविलास राठौर, राजा सिद्ध की, चंद्र कुमार ओग्रे, अनिल राठौर, संतोष बाबई गढ़वाल, परमेश्वर निर्मले, अशोक सोनवानी, कमलेश ताम्रकार, महेश खरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए ।


## जनजातीय गौरव दिवसः भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती

### 15 नवम्बर को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

### महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि

जांजगीर-चांपा

भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर 2025 को दोपहर 02 बजे जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जांजगीर-चांपा विधायक श्री ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, छ.ग. खनिज विकास निगम अध्यक्ष श्री




सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव श्री अम्बेश जांगड़े, नगर पालिका परिषद जांजगीर-चांपा अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, नगर पालिका परिषद चांपा अध्यक्ष श्री प्रदीप नामदेव होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि समाज प्रमुख - जिला पंचायत सदस्य श्री महादेव नेताम, श्री बी0एस0 सिदार, श्रीमती विजय कुंवर मरकाम, श्री बटदेव उरांव, श्री राजेन्द्र कंवर, श्री हरेन्द्र बिंझवार, श्री आई0पी0 मरकाम, श्री एम0एल0मराबी, श्री राजकुमार खैरवार, श्री गोवर्धन धनुवार, श्रीमती गंगोत्री कंवर, श्री धरमलाल सिदार, श्री लालबहादुर सिंह होंगे।

## बिहार वि.स. चुनाव में एनडीए की प्रभावी जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व, जनविश्वास और संगठनात्मक मेहनत का परिणाम– अमर सुल्तानिया



**जांजगीर-चाम्पा।** बिहार में हुए ताज़ा चुनाव परिणामों ने एनडीए गठबंधन को सशक्त बढ़त दिलाई है। इस विजय के बाद जांजगीर-चांपा के भाजपा नेता अमर सुल्तानिया ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जीत किसी एक पहलू का फल नहीं, बल्कि परिश्रम, दूरदर्शिता और योजनाबद्ध रणनीति के संयोजन से बनी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने गांव-गांव तक भरोसे का वातावरण तैयार किया, जिसने पूरे गठबंधन को नई ऊर्जा प्रदान की।

अमर सुल्तानिया ने बताया कि बिहार में विकास की सतत गति और नेतृत्व की स्थिरता मतदाताओं को सबसे अधिक प्रभावित करने वाले कारकों में रही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच समन्वय ने योजनाओं को जमीन पर उतारने की गति बढ़ाई, जिससे लोगों में यह विश्वास सुदृढ़ हुआ कि उनकी समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्य हो रहा है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि महिलाओं और युवाओं का अभूतपूर्व समर्थन इस चुनाव का निर्णायक पहलू रहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने रिकॉर्ड स्तर पर मतदान कर यह सिद्ध किया कि वे विकास, सुरक्षा और स्थिरता की सबसे मजबूत वाहक हैं। परिवार, समाज और भविष्य की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं ने जिस जागरूकता और दूरदर्शिता के साथ एनडीए का साथ दिया, उसने परिणामों की दिशा तय कर दी।

सुल्तानिया ने सामाजिक वर्गों के बीच समन्वय और संगठन की सजग मेहनत को भी जीत का एक मजबूत आधार बताया। उनका कहना था कि छोटे-छोटे समूहों तक पहुंचकर संवाद स्थापित करने की रणनीति ने विपक्ष की उम्मीदों को सीमित कर दिया।

## बाल दिवस पर थाना छुईखदान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### छात्रा अंजली डे बनी 'मानद थाना प्रभारी

बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज 14 नवम्बर 2025 को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में केसीजी पुलिस टीम द्वारा थाना छुईखदान में बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था, साइबर सुरक्षा तथा शिकायत पंजीयन प्रक्रिया के बारे में सरल और प्रभावी जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की सुविधा, उसकी मॉनिटरिंग तथा आगे की कार्रवाई की विधि समझाई गई। साथ ही लिखित आवेदन, पंजीयन एवं जांच की पारंपरिक प्रक्रिया को भी सरल भाषा में बताया गया।

बच्चों को थाना भवन का भ्रमण भी कराया गया, जिसमें विभिन्न शाखाओं का परिचय, रजिस्टर संधारण की विधि, डायल 112 की व्यवस्था, बंदी कक्ष, पुलिस कंट्रोल रूम और दैनिक पुलिस कार्यों के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस विभाग का मूल उद्देश्य समाज में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है–इसे भी बच्चों को समझाया गया।

## रबी फसल पानी की मांग को लेकर डोंगाकोहरौद ,भिलौनी धनगांव केशला मेकरी जोरिला हिर्री के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर चांपा /** पामगढ़ ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद ,भिलौनी , धनगांव , केसला , जोरीला मेकरी हिर्री किसानो ने आज 14 नवंबर 2025 को रवि फसल पानी की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । इसकी कापी जल संसाधन विभाग जांजगीर को भी दिया गया । ज्ञापन में किसानो का कहना है पामगढ़ शाखा नहर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद, भिलौनी धनगांव , केसला , मेकरी जोरिला, हिर्री आदि ग्राम पंचायत से लगभग 250 किसानों रबी सीजन में धान बोने के लिए पानी हेतु ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन दाता ग्राम पंचायत प्रतिनिधि डोंगाकोहरौद दुकालू भास्कर , राजाराम पटेल , लव पटेल , रवि शंकर धीवर , मनीष कश्यप, कुलदीप साहू रामखिलावन कौशिक, ऋतु पटेल लक्ष्मीनारायण , अनिल भास्कर , कुमार चंद्रकिशोर पटेल, मोहना केवट , पुरषोत्तम निराला , भिलौनी से त्रिलोकी कांत , रामचरण , प्रदीप बघेल , धनगांव से हेतराम बर्मन , धरमलाल दिव्य, गुरु



चरण चौहान, सीतकुमार लखन लालरामपाल, छत्रपाल लहरे, रोहित खूंटे , मोहर साय, हिर्री नेतराम राहुल बर्मन मोहन, रमेश अमृत लाल ,केसला घसिया पटेल आदि शामिल है । किसान राजाराम पटेल का कहा है कि जांजगीर ङ्क चाम्पा जिला पूर्णतः कृषि प्रधान जिला है। रबी फसल किसानो के आर्थिक विकास के साथ साथ खेतो में काम करने वाले हजारो मजदूरो की रोजी-रोटी का भी साधन है। फसल नही होने से वही मजदूर पलायन के लिये विवश होते है। रबी फसल और पलायन का चोली दामन का नाता है यदि फसल नही होगी तो सीमांत किसान और मजदूर पलायन के लिये विवश होते है और पलायन से उनका पूरा परिवार उजड़ जाता है। बच्चो की पढाई छूट जाती है, घर छुट जाता है, खेत गिरवी रखा जाता है। गाँव में नहीं रहने से शासकीय योजनाओ से मिलने वाले चावल से लेकर आवश्यक सारी अन्य सहायता भी छुट जाती है। हमने यह भी देखा है कि दुसरे प्रदेश में जाकर काम करने वाले बहुत सारे मजदूर बंधक बन जाते है और सालो-साल वो अपने घर लौट नही पाते। यहाँ के लोगों के पास कृषि के अतिरिक्त आय का और कोई मुख्य स्रोत नहीं है। सभी लोग कृषि पर ही निर्भर है किसान इन सब बातों को देखते हुए 250किसानों ने ज्ञापन कलेक्ट्रेट और जल संसाधन के कार्यालय जांजगीर चाम्पा में जाकर डोंगाकोहरौद भिलौनी , धनगांव केसला जोरीला मेकरी आदि पंचायतों से ग्राम के किसान उपस्थित थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक. 1966/NIT-26/2025–26/व.ले.लि. नवा रायपुर दिनांक 12/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 26 T0090 | Restoration of Electrification work at Composit Building Baloda Bazar CG प्रथम आमंत्रण | 9.50 |

नोट :–निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 26/11/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक है ।

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है ।

शर्ते :– 1) उपरोक्त कार्यो के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.

G-252604755/2

खास खबर



## कोल्ड ड्रिंक कैन में फंसा रैट स्नेक, कैन को कैची से काटकर बचाई गई जान

**कोरबा,** । शहर के कोसाबाड़ी मुख्य मार्ग पर एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जहां एक रैट स्नेक पानी पीने की कोशिश में गलती से कोल्ड ड्रिंक के खाली कैन में अपना मुंह फंसा बैठा। सड़क किनारे कैन में फंसे सांप को देख लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आरसीआरएस की टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरसीआरएस अध्यक्ष अविनाश यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह सांप करीब 5 फीट लंबा था और लोकल भाषा में इसे धामन सांप कहा जाता है। यह जहरीला नहीं होता, लेकिन अलग-अलग रंगों में पाया जाता है और इसका आकार काफ़ी बड़ा होता है। अविनाश यादव ने बताया कि उन्होंने पूरी स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और बड़ी सावधानी से कैंची की मदद से कैन को काटकर सांप का सिर सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। तब जाकर सांप ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के दौरान ध्यान रखा गया कि कैन के धारदार किनारों से सांप को कोई चोट न पहुँचे। सफल रेस्क्यू के बाद सांप को जंगल के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। स्थानीय निवासी, जिनके घर के सामने यह घटना हुई, उन्होंने ही समय रहते स्नेक कैचर को सूचना दी। उन्होंने देखा कि सड़क किनारे कोल्ड ड्रिंक के डिब्बे में एक सांप फंसा हुआ था और इधर-उधर भाग रहा था। अगर समय पर सूचना नहीं दी जाती, तो वह सड़क पर जाकर किसी वाहन की चपेट में आ सकता था। उनकी सतर्कता से सांप की जान बची।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मोबाइल लूट और बाइक चोरी के 3 मामलों का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, एएसपी नीतिश ठाकुर और सीएसपी भूषण एक्का के निर्देशन में साइबर सेल, सिविल लाइन, कोतवाली, सीएसईबी और मानिकपुर चैकी की संयुक्त टीम ने मोबाइल लूट और मोटरसाइकिल चोरी के तीन मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों दीपक कुर्रे, विशाल पाटले और कन्हैया लाल यादव को गिरफ्तार किया। आरोपियों से लूटे गए तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी-12 एजी-7740 बरामद की गई। सीसीटीवी फु टेज और तकनीकी विश्लेषण के जरिए पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई। कोरबा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल का प्रयोग करते समय सतर्क रहें ।

# स्वास्थ्य सुविधाओं में नई क्रांति: कोरबा बना स्वस्थ जीवन का मॉडल जिला

### सरकार के सतत प्रयासों से मजबूत हुई स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियाद, आधुनिक उपचार से लाभान्वित हो रहे मरीज

कोरबा संवाददाता।

स्वस्थ जीवन का प्रथम आधार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं होती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में हुए व्यापक सुधारों का परिणाम है कि अब अस्पतालों में पहले जैसी लंबी कतारें अतीत की बात बन गई हैं। आधुनिक मशीनों से सुसज्जित अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा पर्याप्त दवाएं, बेड और अन्य संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं। प्रत्येक मरीज को समय पर उचित उपचार मिल रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन आया है।

**स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त नेटवर्क: आंकड़ों में झलकती प्रगति**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केषरी ने जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2025 तक



कोरबा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है- उप स्वास्थ्य केंद्र 197 से बढ़कर 285, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 29 से बढ़कर 40, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 3 से बढ़कर 7, शहरी स्वास्थ्य केंद्र 0 से बढ़कर 30, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 3 और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 1 है।

जिला अस्पताल में आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित

बेहतर संसाधन, बेहतर उपचार बेड की संख्या 364 से बढ़कर 856, डॉक्टरों की संख्या 99 और स्वास्थ्यकर्मी 876, एंबुलेंस सेवाएं 1 से बढ़कर 29, प्रसव सुविधा केंद्र 230 से बढ़कर 333, शिशु मृत्यु दर 62 से घटकर 48 हो गई है। इन उपलब्धियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को न केवल सशक्त बनाया है, बल्कि आम नागरिकों को उपचार के प्रति आत्मविश्वास भी दिया है।

मेडिकल कॉलेज में विषेषज्ञ चिकित्सकों से आमजनों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभः-

जिले में स्व. बिसाहू दास मंहत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय भी संचालित है, जहां विषेषज्ञ अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से आमजनों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

**विशेष पहलें और नई व्यवस्थाएं-**

जिले के सभी 5 ब्लॉकों में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) संचालित है। बर्न यूनिट और शिशु केयर यूनिट (एसएनसीयू) की स्थापना से गंभीर मरीजों और नवजातों को राहत मिली है। टीबी जांच दर 04 प्रतिषत से बढ़कर 44 प्रतिषत, टीकाकरण दर 46 प्रतिषत से बढ़कर 96.36 प्रतिषत पहुंची है। डेंटल यूनिट 1 से बढ़कर 7, आई यूनिट 4 से बढ़कर 8, ब्लड बैंक की संख्या 6 तक पहुंची, जिससे रक्त की उपलब्धता सुलभ हुई।

**विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाओं का हुआ विस्तार**

इन 25 वर्षो में जिले में विभिन्न प्रकार की जांच हेतु चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार हुआ है। जिले में एक्सरे जांच की सुविधा 1 से बढ़कर 7 स्थानों में उपलब्ध है। सीटी स्कैन की सुविधा भी 0 से बढ़कर 1 हो गई है। अन्य स्कैन की सुविधा भी 47 पहुंच गई है।

**सम्मान और पहचान**

स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए कोरबा जिले को कई राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। ÷संपूर्ण अभियान÷ के तहत पांच सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही, जिले की कई स्वास्थ्य संस्थाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित हैं, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**कोरबा स्वास्थ्य क्रांति के पांच प्रमुख आयाम**

स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों का निरंतर विस्तार, विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में वृद्धि, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और एंबुलेंस नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण, टीकाकरण, टीबी जांच और प्रसव सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार और राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहचान।

# जलकर की वसूली व जल की बचत एवं उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने निगम संचालित करेगा '' मिशन वरूण''

### महापौर संजूदेवी राजपूत शुक्रवार को '' मिशन वरूण '' का करेंगी शुभारंभ

### निगम के 67 वार्डो में तैनात होंगी 67 टीमें, प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक चलाएंगी '' मिशन वरूण ''

कोरबा संवाददाता

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जलकर की वसूली करने के साथ-साथ जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं जल का अपव्यय रोकने हेतु '' मिशन वरूण '' का संचालन किया जाएगा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत शुक्रवार 14 नवम्बर को '' मिशन वरूण '' का शुभारंभ करेंगी, वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने '' मिशन वरूण '' के सफल संचालन हेतु निगम के सभी 67 वार्डो के लिए 67




टीमें गठित कर मिशन की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन के निर्देश टीमों को दिए हैं।

जल ही जीवन है तथा जल की एक-एक बूंद कीमती है..... कहते हैं कि अगला विश्वयुद्ध कहीं जल को लेकर ही न हो..... बस इसी अवधारणा से जल की महत्ता व उसकी कीमत का अनुमान लगाया जा सकता है, फिलहाल हमारे कोरबा में जल की उपलब्धता बनी हुई है, इसलिए हम जल की कीमत को कमतर ऑक रहे है, किन्तु जल की कीमत क्या है..... यह उनसे पूछा जाए जो पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं..... एक-एक घड़े पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, तब हमें सही अर्थो में ज्ञात होगा कि जल कितना कीमती है। यदि हम आज नहीं चेते..... पानी की बर्बादी को नहीं रोका..... तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमें भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ेगा। हम सब जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक हों..... हम यह जाने कि हमारे घरों के नलों में सुबह-शाम जो शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है, उसको वहाँ तक शुद्ध रूप से पहुंचाने में निगम के कितने संसाधन लगे हैं..... कितना परिश्रम लगा है..... उस जल की कीमत क्या है, बस हमें यही सब जानने-समझने का अवसर देगा निगम का '' मिशन वरूण '', जिसकी शुरूआत शुक्रवार 14 नवम्बर से होगी तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के हाथों मिशन का शुभारंभ किया जाएगा।

67 वार्डो हेतु 67 टीमें - आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर '' मिशन वरूण '' के सफल संचालन हेतु निगम के सभी 67 वार्डो के लिए कुल 67 टीमें गठित की गई हैं, यह टीमें प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर घर-घर दस्तक देगी, जलकर की वसूली करेगी तथा लोगों को जल की बचत करने व पानी का अपव्यय रोकने के प्रति जागरूक करेगी।

# एचटीपीएस नेयुवाओं को दिलाया पांच दिवसीय कौशल विकास का प्रशिक्षण

### o कोरबा पश्चिम की नई परियोजना से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं को सिपेट की मदद से रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिलाया गया

**कोरबा संवाददाता।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2ग660 मेगावाट विद्युत संयंत्र से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)की मदद से पांच दिवसीय रोजगारमूलक कार्यों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। छ्ग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में प्रभावित ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट में छ्ग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनीसीईआर के कार्यों को विस्तारित करेगी।

कौशल विकास के प्रशिक्षण का समापन समारोह में मुख्य अतिथि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) श्री एमके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रबंधक श्री सुधीर पंड्या शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सिपेट कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) श्री राजीव कुमार लिल्हारे ने अतिथियों का परिचय देते हुए सिपेट द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में प्रशिक्षणार्थी 20-20 युवाओं को मुख्य अतिथि श्री एमके गुप्ता के हाथों प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया।

# कथावाचक के बयान से विवाद, सतनामी समाज में उग्र विरोध, एफआईआर दर्ज

बिलासपुर, लोकशक्ति।

जिले में आयोजित भागवत कथा के दौरान कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज के बयान से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कथावाचक ने अपने प्रवचन के दौरान सतनामी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सतनामी समाज के लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया है।

वायरल वीडियो में कथावाचक आशुतोष चैतन्य यह कहते सुने जा सकते हैं कि कितना दुख होता है, देश का क्या होगाज पहले सनातनी थे, अब सतनामी हो गए। उन्हें यह भी नहीं पता कि सतनामी का मतलब क्या है। इस कथन के बाद समाज के लोगों ने इसे अपमानजनक बताया और कथावाचक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

घटना के विरोध में सतनामी समाज के सैकड़ों लोग तखतपुर थाने के बाहर एकत्र हुए और जोरदार नारेबाजी की। भीड़ ने थाने का घेराव करते हुए कथावाचक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। बढ़ते विरोध को देखते हुए पुलिस ने आशुतोष चैतन्य महाराज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वर्तमान में पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं, जिले में इस घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# कलेक्टर अजीत वसंत का ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण दौरा

### o शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण पर दिया विशेष जोर

### o गढ़ उपरोड़ा, कदमझेरिया और कोराई में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

### o अनुपस्थित शिक्षक तथा प्रधान पाठकको कारण बताओ नोटिस जारी करने औरसंकुल समन्वयक को मूल शाला में वापस भेजने के निर्देष

कोरबा संवाददाता।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गढ़ उपरोड़ा, आश्रित ग्राम कदमझेरिया तथा ग्राम कोराई पहुँचे। उन्होंने यहाँ स्कूल, आंगनबाड़ी और उपस्वास्थ्य



केंद्रों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यालयों में नाश्ता वितरण, गैस सिलेंडर के उपयोग, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया।

**शिक्षा पर विशेष ध्यान - विद्यार्थियों को दी प्रेरणा**

ग्राम गढ़ उपरोड़ा में कलेक्टर श्री वसंत ने प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि समय पर कोर्स पूरा करें और 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर परीक्षाफल प्राप्त करें।

कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करें। उन्होंने स्कूल में डीएमएफसे प्रदत्त न्यूज़ पेपर डेस्क के उपयोग की जानकारी ली और विद्यार्थियों से प्रतिदिन अखबार पढ़ने का आग्रह किया ताकि वे देश-दुनिया की जानकारी से अवगत रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन और नाश्ता वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। गढ़ उपरोड़ा के प्रायमरी एवं माध्यमिक स्कूल में गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाए जाने और छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संकुल समन्वयक मूल शाला में वापस भेजने और प्रायमरी स्कूल के प्रधानपाठक श्री केषव प्रसाद उरावं और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक विक्टर लकड़ा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, कोराई प्राथमिक शाला में गैस सिलेंडर के उपयोग और समय पर नाश्ता वितरण तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल की पुष्टि होने पर उन्होंने प्रधानपाठक और शिक्षकों की प्रशंसा की।

# सूरज से समृद्धि की ओर – प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से जगमगाए श्रवण और सरफराज के सपनों के घर'

### 'जहाँ पहले थी बजट की परेशानी, अब सौर ऊर्जा से हर घर में आई रौशनी और राहत'

**कोरबा** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने देशभर के लाखों परिवारों के जीवन में नई रोशनी भर दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से अब आम नागरिक न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्वयं पूरा कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने की इस पहल ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त किया है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी बस्तियों तक, यह योजना आज हर घर में आशा की नई किरण जगा रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर की छत पर सौर पैनल स्थापित कर नागरिकों को स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा लाभार्थियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी सहयोग और सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सौर पैनलों की स्थापना आमजन के लिए सरल और किफायती बनी है। ऊर्जा



उपभोग में आत्मनिर्भरता की यह पहल नागरिकों को बिजली बिल से राहत देते हुए अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचने का अवसर भी दे रही है, जिससे परिवारों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन के समन्वित प्रयासों और प्रशासनिक तत्परता के परिणामस्वरूप यह योजना तीव्र गति से जन-जन तक पहुँच रही है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों में, जहाँ बिजली आपूर्ति एक बड़ी चुनौती मानी जाती थी, वहीं अब वही घर सौर ऊर्जा की स्वच्छ रोशनी से आलोकित हो रहे हैं। इस योजना ने न केवल ऊर्जा उपलब्धता को सुदृढ़ किया है, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना भी जागृत की है। सौर ऊर्जा अपनाने की यह प्रवृत्ति अब स्थायी विकास और हरित भविष्य की दिशा में प्रदेश को नई पहचान दे रही है। कोरबा जिले में इस योजना के अंतर्गत अनेक परिवारों ने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है।

पाली विकासखण्ड के ग्राम केराझरिया के निवासी श्री श्रवण अजगल्ले, पेशे से आर्किटेक्ट हैं। अपने माता-पिता के सपनों का घर बनाते समय उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन यही घर सौर ऊर्जा से प्रकाशित होगा। पहले जब हर महीने बिजली का बिल आता था, तो घर का बजट संभालना कठिन हो जाता था। परंतु अब सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के बाद उनके जीवन में सुखद बदलाव आया है। श्रवण बताते हैं कि अब घर की हर जरूरत सौर ऊर्जा से पूरी होती है कंप्यूटर पर काम करना हो, घर को रोशन रखना हो या गर्मी के दिनों में पंखा और कूलर चलाना हो सब कुछ बिना किसी चिंता के चलता है। वे मुस्कुराते हुए कहते हैं, अब बिजली का बिल नहीं, बल्कि घर की छत से मिलने वाली ऊर्जा ही हमारी सबसे बड़ी बचत है। वहीं, कोरबा नगरीय क्षेत्र के खरमोरा निवासी श्री सरफराज अंसारी का परिवार भी इस योजना से जुड़कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बन गया है। श्री सरफराज बताते हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल को लेकर चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब उनके घर की छत पर लगा सोलर पैनल न केवल बिजली की जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा का स्रोत भी बन गया है। वे कहते हैं, ÷अब हमें लगता है कि हमारी छत सिर्फ छाया नहीं देती, बल्कि भविष्य की रोशनी भी बिखेरती है। उन्होंने आगे बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने से जीवन की गति बदल गई है। अब काम निर्बाध रूप से चलते हैं और सबसे बड़ी बात यह सब पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना के साथ हो रहा है। यह योजना सिर्फएक तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है।

दोनों लाभार्थियों के अनुभव बताते हैं कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने केवल बिजली के बिलों में राहत नहीं दी, बल्कि जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन भी लाया है। श्रवण और सरफराज जैसे असंख्य परिवार आज अपने घरों की छत से ऊर्जा का सृजन कर रहे हैं और देश की हरित प्रगति में साझेदार बन रहे हैं। यह योजना अब हर घर में 'ऊर्जा से आत्मनिर्भरता' और 'सूरज से समृद्धि' का संदेश प्रसारित कर रही है।

# कलेक्टर ने गढ़ उपरोड़ा में ग्रामीणों से सीधे सुनी समस्याएँ

### प्रधानमंत्री आवास और जनमन आवास निर्माण कार्य का लिया जायजा, महिलाओं से योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त की




**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा पहुँचे, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस दौरान उन्होंने गाँव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास एवं विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए बन रहे पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री वसंत नेहितग्राहियों के घर जाकर निर्माणाधीन पीएम आवास और पीएम जनमन आवासों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवासों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने गाँव की महिलाओं से चर्चा करते हुए महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लाभ की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह महतारी वंदन योजना की राशि समय पर प्राप्त होती है, साथ ही उनके राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड भी सक्रिय हैं, जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ उठा रही हैं।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत गाँव में पानी की आपूर्ति की स्थिति भी जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि पानी आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा या खराबी उत्पन्न होती है, तो ग्राम पंचायत के माध्यम से संधारण कार्य तुरंत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को निर्बाध जल आपूर्ति मिलती रहे। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)